- M.Sc in Industrial Biotechnology
- M.Sc Neuroscience with specialization in Cognitive Computing
- M.Sc Nanoscience and Technology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc. Medical Biotechnology (Specialization in Bioinformatics)
- M.Sc. Public Health Administration

### School of Medical & Allied Sciences
**Department of Pharmacy**
- Master of Pharmacy (Pharmaceutical Chemistry) (Approved by Pharmacy Council of India)
- Master of Pharmacy (Pharmaceutics) (Approved by Pharmacy Council of India)
- Master of Pharmacy (Pharmacology) (Approved by Pharmacy Council of India)
- Master of Pharmacy (Regulatory Affairs) (Approved by Pharmacy Council of India)
- Master of Pharmacy (Pharmaceutical Analysis) (Approved by Pharmacy Council of India)
- MBA (Pharmaceutical Management)

### School of Allied Health Sciences
**Department of Allied Health Sciences**
- Master of Physiotherapy in Cardio- Pulmonary Sciences
- Master of Physiotherapy in Sports Sciences
- Master of Physiotherapy in Musculoskeletal Sciences
- Master of Physiotherapy in NeuroSciences
- Master of Physiotherapy in Obstetrics and Gynaecology Sciences
- Masters of Optometry
- M.Sc. in Cardiovascular Technology
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology (Medical Biochemistry)
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology (Medical Microbiology)
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology (Histology and Cytology)
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology (Hematology and Transfusion Medicine)
- MBA in Healthcare Management
- M.Sc. (Yoga Therapy)
- Post Graduate Diploma in Medical Music Therapy

### School of Agriculture
**Department of Agriculture**
- MBA (Agribusiness Management)
- M.Sc. (Agriculture) Agronomy
- M.Sc. (Agriculture) Entomology
- M.Sc. (Agriculture) Soil Science
- M.Sc. (Hort.) Fruit Science

### School of Design
**Department of Design**
- M.Sc. In Fashion Design
- M.Sc. In Interior and Spatial Design
- M. Design in Interaction Design
- M. Design in Design Research and Insights

### School of Education
**Department of Education**
- B.Ed. (approved by National Council for Teacher Education)
- M.Ed. (approved by National Council for Teacher Education)

### School of Law
**Department of legal Studies**
- Bachelor of Law (LLB) (Hons) approved by Bar Council of India
- Master of Law (LLM) in Constitutional law and Governance
- Master of Law (LLM) in Corporate Law
- Master of Law (LLM) in Criminal Law and Criminal Justice
- Master of Law (LLM) in Environmental Law
- Master of Law (LLM) in Intellectual Property Law
- Master of Law (LLM) in Law and Emerging Technology

### School of Media & Communication Studies
**Department of Mass Communication**
- M.A in Journalism and Mass Communication
- M.A in Journalism and Mass Communication (In association with India Today Media Institute)

### School of Commerce
**Department of Finance & Commerce**
- M.Com
- Master of Finance and Control
- MBA in Financial Management

### School of Hospitality
**Department of Hospitality**
- Masters in Hospitality Management
- Masters in Culinary Management & Food Entrepreneurship
- MBA Hospitality and Service Management

## Diploma Programs

### School of Medical & Allied Sciences
**Department of Pharmacy**
- Diploma in pharmacy (D.Pharm) (Approved by Pharmacy Council of India)

### School of Allied Health Sciences
- Diploma in Advanced Music Therapy

### University Polytechnic
**Department of Galgotias Polytechnic**
- Diploma in Computer Science and Engineering
- Diploma in Computer Science and Engineering (Network Essentials)
- Diploma in Computer Science and Engineering (Web Designing)
- Diploma in Computer Science and Engineering (Cloud Computing and IT Infrastructure)
- Diploma in Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- Diploma in Computer Science and Engineering (Data Analytics)
- Diploma in Electrical Engineering
- Diploma in Electrical Engineering (Electric Vehicle)
- Diploma in Electrical Engineering (Renewable Energy)
- Diploma in Electronics and Communication Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering (Electric Vehicle)
- Diploma in IC Manufacturing
- Diploma in Civil Engineering

## Certificate Programs

### School of Languages
**Department of Languages**
- Certificate in Japanese
- Certificate in French

### School of Forensic Sciences
**Department of Forensic Sciences**
- Certificate course in Social Media Crimes
- Certificate course in Advanced crime scene management
- Certificate course in Forensic photography
- Certificate course in Graphology and personality profiling

### School of Media & Communication Studies
**Department of Mass Communication**
- Certificate Course in Art of Anchoring & Presentation (In association with India Today Media Institute)
- Certificate Course in Events Management (In association with India Today Media Institute)
- Certificate Course in Data Journalism (In association with India Today Media Institute)
- Certificate Course in Media Graphics and Visualization (In association with India Today Media Institute)
- Certificate Course in Integrated Marketing Communication (In association with India Today Media Institute)
- Certificate Course in AI in Newsroom (In association with India Today Media Institute)

#GetYourSelfPlaced

GALGOTIAS UNIVERSITY

Launched India's Finest Active Learning Campus
In consultancy collaboration with INSPIRE NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE

G-SCALE GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM

G-SCALE moves education beyond passive lectures to an environment where students actively engage in real-world problem-solving, collaboration, and experiential learning.

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
9810162221 / 9582847072
9717300418 / 0120-4370000

## खबर संक्षेप

### ठगी करने के मामले में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान ने अर्जुन और चंद शेखर निवासी जहांगीराबाद जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। सेक्टर-85 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने शिकायत दी।



### वाहन चोर गिरफ्तार 2 बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न अपराध शाखा टीमों ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि एवीटीएस-2 की टीम ने थाना शहर बल्लभगढ में दर्ज एक चोरी के मामले में आरोपी हाकम निवासी लहरवाडी को गिरफ्तार किया है।



### अजित सिंह की पुण्यतिथि पर हवन व गोष्ठी का आयोजन

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक केंद्रीय मंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी अजीत सिंह ज़ी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर हवन किया गया। इस मौके पर चौ. अजीत सिंह के किये गए कार्यों पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष ज़ी ने की। संचालन हिमांशु नागर ने किया। कार्यक्रम में सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी चौधरी तेजपाल सिंह,प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ,चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी अमरीश त्यागी, अजय प्रमुख, इंदरजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक, कुंवर अय्यूब अली,अजयवीर सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए।



## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में निगम कर्मचारियों के लिए ब्लड प्रेशर, शुगर सहित जरूरी मेडिकल जांच कराई

- शिविर निगम सचिव परवाल की देखरेख में आयोजित किया गया
- शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना
- अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों के अनुसार नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर निगम सचिव डॉ नीतीश परवाल की देखरेख में आयोजित किया गया।

शिविर निगम कॉन्फ्रेंस हॉल में यथार्थ हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।




नगर निगम कर्मचारी मुख्यालय में स्वास्थ्य जांच करवाते हुए निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी।

### कर्मचारियों का स्वास्थ्य रहना आवश्यक

स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा कर्मचारियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जरूरी मेडिकल जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि वे शहर की सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे स्वास्थ्य शिविर कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में भी सहायक साबित होते हैं। डॉक्टर सौरभ, डॉक्टर नीतीश्री, डॉक्टर नवनीत, दीपक द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा भविष्य में भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## हड़ताल के चलते बाजारों एवं कॉलोनियों में सड़कों पर गंदगी से जनता परेशान

# निगम कर्मचारियों की हड़ताल छठे दिन भी रही जारी, भेदभाव खत्म करों के नारे लगाए

पिछले 28 दिनों से हड़ताल पर है, उन्होंने भी भागीदारी निभाई और फायर के कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने एवं शहीद भवी चंद व रणबीर को न्याय देने की मांग आज की प्रदर्शन एवं आक्रोश सभा की अध्यक्षता राहुल चिंडालिया प्रधान सैनिटेशन स्टाफ यूनियन नगरपालिका ने की तथा मंच का संचालन विशाल पारछा सचिव सैनिटेशन स्टाफ यूनियन ने किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार छठे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर में सफाई सीवर का काम पूरी तरह से बंद शहर के मुख्य बाजारों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं एवं कॉलोनी की गलियों में नालियों का पानी सड़कों पर आया बदबू और गंदगी से जनता का हुआ बुरा हाल। निगम कर्मचारियों ने नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज नगर निगम मुख्यालय पर सफाई कर्मचारियों को न्याय दो और भेदभाव खत्म करो के नारे लगाए।

इस प्रदर्शन में हरियाणा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे जो पिछले 28 दिनों से हड़ताल पर है, उन्होंने भी भागीदारी निभाई और फायर के कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने एवं शहीद भवी चंद व रणबीर को न्याय देने की मांग आज की प्रदर्शन एवं आक्रोश सभा की अध्यक्षता राहुल चिंडालिया प्रधान सैनिटेशन स्टाफ यूनियन नगरपालिका ने की तथा मंच का संचालन विशाल पारछा सचिव सैनिटेशन स्टाफ यूनियन ने किया। आज नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन रात्रि सफाई में लगे ओल्ड, बल्लभगढ़ व एनआईटी जोन के सफाई कर्मचारियों ने जुलूस बनाकर किया। कर्मचारियों को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, एसकेएस के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर प्रधान सफाई कर्मचारी यूनियन, जिला सचिव अनिल चिंडालिया ने भी संबोधित किया।




नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उप महासचिव सुनील चिंडालिया ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य की चिंता करता है इसलिए सरकार के दमन भेदभाव वायदा खिलाफी के बाद भी हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल घोषित नहीं कर रहा है। सुनील चिंडालिया ने कहा कि हमने सरकार को बार-बार अपील की है कि वह बातचीत कर हमारी न्यायोचित मांगों को पूरा करें लेकिन सरकार पालिका, परिषद, नगर निगम एवं फायर के कर्मचारियों के प्रति उदासीन रवैया अख्तियार करते हुए आंदोलन को लम्बा करने एवं आंदोलनकारी को डराने धमकाने का काम कर रही। सरकार सफाई कर्मचारियों की मांगों को एवं फायर कर्मचारी की मांगों का समाधान नहीं करना चाहती। सभा को संबोधित करते हुए बलबीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि कल हमारी हड़ताल का 7 वां दिन है सरकार तुरन्त प्रभाव से हड़ताल में दखल देकर हमारे नेताओं से वार्ता कर हमारी समस्याओं का निपटारा नहीं किया तो यह हड़ताल अनिश्चित कालीन हड़ताल में बदल जायेगी। आज की हड़ताल में अन्य के अलावा जिला प्रधान दलीप बोहत, वरिष्ठ उपप्रधान गुरुचरण खंडिया, उप प्रधान सुदेश कुमार जैनवाल, जिला कोषाध्यक्ष रघुबीर चौटाला, अजय शास्त्री सचिव जे ई यूनियन, हरियाणा टूरिज्म विभाग के नेता कल्लू राम, सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव महेन्द्र कुडिय़ा, वरिष्ठ उपप्रधान श्रीनन्द ढकोलिया, देवीचरण शर्मा प्रधान वॉटर सप्लाई यूनियन, महेश शर्मा, हेमवती नंदन प्रधान बेलदार कर्मचारी यूनियन, सुरेन्द्र, जयबीर मनोज शर्मा, फायर कर्मचारी नेता बृजमोहन डागर, मेघश्याम, सीवरमैन यूनियन से मनोज सौदे, विशाल मास्टर अनिल, अमरचंद आदि।

## नपा कर्मचारी 8 अप्रैल से हड़ताल पर हैं

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कर्मचारी संगठनों ने सरकार पर ठेका कर्मियों को रेगुलर करने का बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कर्मचारी आंदोलन के दबाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा सरकार ने 16 व 18 जून, 2014 को रेगुलराइजेशन की पॉलिसियां बनाई थी। जिसमें तीन साल सेवा पूरी करने वाले 6 हजार से ज्यादा ठेका कर्मचारियों को पक्का किया गया था। हुड्डा सरकार बदलते ही इन पॉलिसियों को उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार के दस अप्रैल 2006 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ बताते हुए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी और रद्द करने की गुहार लगाई। लंबे विचार-विमर्श के बाद हाईकोर्ट ने 31 मई 2018 को पॉलिसियों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने प्रभावित कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए किए तीखे आंदोलन के बाद सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की थी। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने 26 नवंबर 2018 को इस पर सुनवाई करते हुए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए। न्यायालय के फैसले के बाद कर्मचारी संगठनों ने सरकार पर रेगुलराइजेशन पॉलिसी बनाने का दबाव बढ़ा दिया है, क्योंकि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद कोई भी रेगुलराइजेशन की पालिसी नहीं बनाई। नायब सैनी सरकार ने 23 व 31 दिसंबर 2025 के माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के दस साल सेवा पूरी करने वाले ठेका कर्मचारियों को पक्का करने के आदेशों को यह कहकर टाल दिया था की जब तक 2014 की पालिसियों पर सर्वोच्च न्यायालय का अंतिम फैसला नहीं आएगा तब-तब उक्त फैसला लागू नहीं किया जा सकता और ना ही नयी पालिसी बनाई जा सकती है। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भी 8 अप्रैल से हड़ताल पर हैं। जबकि सरकार चाहे तो नई पालिसी बना सकती थी।

## हिन्दू संगठनों का हंगामा, पुलिस जांच में जुटी

# निकाली गई टीचर ने मिशनरी स्कूल की प्रधानाचार्या पर लगाया धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मिशनरी स्कूल शिक्षिका को हटाए जाने का मामला गरमा गया है। मोदीनगर स्थित संतपुरा गली नंबर-6 के सेंट टेरेसा एकेडमी में धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। स्कूल की फिजिकल टीचर अरुणा गोस्वामी ने प्रिंसिपल सिस्टर लूसी पर हिंदू बच्चों और स्टाफ को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। विरोध करने पर उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। अरुणा गोस्वामी ने सोमवार रात थाना मोदीनगर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को हिंदू संगठनों ने स्कूल के गेट पर जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए स्कूल गेट पर जय श्री राम लिख दिया और हनुमान चालीसा का पाठ किया।

अरुणा गोस्वामी ने अपनी तहरीर में बताया कि वह 2012 से सेंट टेरेसा एकेडमी में फिजिकल टीचर के पद पर कार्यरत हैं। उनका बेटा शिव गोस्वामी भी इसी स्कूल में पढ़ता है।

## शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

# पत्नी की चाकू मार कर की हत्या, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

खेड़कीदौला थाना एरिया के भांगरौला गांव में बुधवार की सुबह करीब 5 बजे एक युवक ने अपनी पत्नी के गले पर चाकू से वार करके उसकी हत्या कर दी। कमरे में झगड़े के बाद युवक ने चाकू से पत्नी के गले पर दो वार व एक वार मुंह पर किया। महिला कमरे से भागकर अपने मामा के घर की ओर जा रही थी, तो बीच रास्ते गली में गिर गई और ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद महिला का पति मौके से भाग गया था।

सूचना मिलने पर खेड़कीदौला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों और सीन ऑफ क्राइम टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। पुलिस हत्यारोपी पति की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मृतका की पहचान बरेली (उत्तर प्रदेश) के भोजपुर जोगी ठेठ निवासी रेखा (35) के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब 15 साल पहले बरेली (उत्तर प्रदेश) के ब्योन्दा गांव निवासी गौरव के साथ हुई थी। पति-पत्नी वर्तमान में गुरुग्राम के भांगरौला गांव में किराये पर रह रहे थे। गौरव मानेसर की एक निजी कंपनी में काम करता है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था।

### बच्चों को पहले ही छोड़ आया था गांव

पति-पत्नी के बीच पिछले काफी समय से झगड़ा चल रहा था। तीन दिन पहले ही गौरव अपने दोनों बच्चों को गांव में छोड़ आया था। दंपती की बेटी करीब 14 साल और बेटा करीब 11 साल का है। ऐसे में संभावना है कि गौरव ने अपनी पत्नी हत्या की पहले से ही प्लानिंग की हुई और इसी वजह से दोनों बच्चों को गांव में छोड़ आया था। हालांकि इस बारे में हत्यारोपी पति गौरव की गिरफ्तारी के बाद ही खुलासा हो सकेगा। मामले में जांच अधिकारी एएसआई प्रदीप कुमार ने कहा बुधवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। हत्यारोपी पति की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपी को गिरफ्तार करके पूछताछ करने पर ही हत्या के सही कारणों को पता चल सकेगा।

## डे ऑफिस को पसंद कर रहे कारोबारी

# 73 प्रतिशत बड़ी फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

देश में ऑफिस स्पेस खोजने का तरीका पूरी तरह बदल गया है। एमवाईएचक्यू द्वारा जारी रिपोर्ट हाउ इंडिया सर्चेस फॉर इट्स ऑफिस नीड्स के अनुसार, अब 73 प्रतिशत ऑफिस सर्च फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस के लिए हो रही हैं। ऑफिस स्पेस की मांग तेजी से फ्लेक्सिबल और ऑन-डिमांड मॉडल्स की ओर शिफ्ट हो रही है। यह ट्रेंड अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि टियर-2 शहरों में भी तेजी से फैल रहा है। साथ ही, भारत में विस्तार की योजना बना रही विदेशी कंपनियां भी फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस विकल्पों को प्राथमिकता दे रही हैं।

एमवाईएचक्यू के सह-संस्थापक और सीईओ उत्कर्ष कवात्रा ने कहा कि सर्च डेटा उस व्यवहार को पहले ही दिखा देता है, जो बाद में ट्रांजेक्शन (लेन-देन) में नजर आता है। कॉर्पोरेट प्रोफेशनल अब पारंपरिक ऑफिस स्पेस को नहीं ढूंढ रहे हैं, बल्कि वे विशेष रूप से मीटिंग रूम, डे ऑफिस और वर्चुअल एड्रेस खोज रहे हैं। अब लोग सिर्फ ऑफिस नहीं ढूंढते, बल्कि ये ढूंढते हैं कि उन्हें ऑफिस किस काम के लिए चाहिए। बाजार अब वहीं बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि बदलाव सिर्फ मात्रा में नहीं, बल्कि इरादे में भी आया है। सामान्य कोवर्किंग स्पेस जैसी खोजें अब स्थिर हो रही हैं, जबकि जरूरत-आधारित सर्च में तेज़ बढ़ोतरी देखी जा रही है।

# बेदखली से नाराज पुत्र ने प्रेमिका के साथ मिलकर पिता को मार डाला, दोनों गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी पुलिस ने बुधवार को संपत्ति से बेदखल करने से नाराज होकर पिता की हत्या करने वाले युवक व उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि नसरीन पत्नी अजुमददीन उर्फ तन्ना निवासी नियर चांद मस्जिद , टोली मोहल्ला , लोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बिलाल व 02 अज्ञात व्यक्तियों ने उसके पति अजीमुददीन उर्फ नन्ना की हत्या कर दी है। करना घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया ।

थाना लोनी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए साक्ष्य संकलन, सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस व मैनुअल इनपुट के आधार पर घटना का अनावरण करते हुए घटना में शामिल अभियुक्त बिलाल पुत्र अजीजुद्दीन निवासी टोली मोहल्ला कस्बा व उसकी प्रेमिका खुशबू निवासी टी 70 ए फर्स्ट फ्लोर पटेल नगर बाबा फरीदपुरी दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान पुत्रः इकबाल पताः मकान नं. ए–20, गली नं. 1, कबीर नगर, दिल्ली और 16 / 33, गली नं. 16, कबीर नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 663/2015 U/s 392/411 IPC, थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 663/2015 U/s 392/411 IPC, थानाः वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.06.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
रूम नं. 19, प्रथम श्रेणी, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5946/NE/2026 (Court Matter)

## गाजियाबाद में दिनदहाड़े गन पॉइंट पर बदमाशों ने एटीएम में कैश भरने आई वैन लूटी

# डीएम ई पर वैन बरामद, 23 लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हुए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बुधवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने पुलिस सुरक्षा को धता बताते हुए एटीएम में कैश जमा करने आई कैश वेन को दिनदहाड़े लूटकर ले गए।

वैन ने 23 लाख रुपए की नकदी थी। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाशी शुरू की, लेकिन कुछ ही समय के भीतर थाना मसूरी इलाके से बरामद ही गई, लेकिन बदमाश वैन में रखी 23 लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद






जिले में हड़कंप मचा हुआ है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमों का गठन किया गया है। घटना दोपहर दो बजे की है।

इंडिया वन कंपनी की कैश वैन दोपहर करीब एक बजे क्रॉसिंग रिपब्लिक के एचपी पेट्रोल पंप के नजदीक एटीएम में कैश भरने आई। सुरक्षाकर्मी और अन्य स्टॉफ कैश भरने एटीएम पर चला गया। इसी दौरान पैदल आए चार बदमाशों ने चालक को गन प्वाइंट पर लेकर वैन से नीचे उतार लिया और कैश वैन लेकर फरार हो गए। सुरक्षाकर्मी और स्टॉफ ने घटना की कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू किया। घटनास्थल से करीब आठ किमी दूर मसूरी थाना क्षेत्र के कुशलिया गांव के सामने स्थित दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर बदमाश कैश वैन छोड़कर भाग गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने डीएमई से खाली कैश वैन बरामद कर ली है। हालांकि कैश वैन में रखे करीब 23 लाख रुपए बदमाश लेकर भाग गए हैं। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि पूछताछ में वित्तीय संस्था इंडिया वन कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि सुबह वह करीब 25 लाख रुपए लेकर एटीएम में भरने के लिए चले थे। तीन अन्य एटीएम में कैश डाल चुके हैं। कंपनी से रिकार्ड मांगा गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक कुमार, पुत्रः अजय कुमार, निवासीः फ्लैट संख्या 2307, टावर एफ–2, पंचशील ग्रीन्स 1, प्लॉट संख्या जीएच–1, लिंक रोड, सेक्टर 16बी, ग्रेटर नोएडा पश्चिम, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, और मकान संख्या एवाई–5, मोहल्ला गांधी नगर, बेरिंग रोड, पटना, बिहार** ने **FIR No. 13946/2024, U/s: 411 IPC, पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिषेक कुमार** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अभिषेक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **अभिषेक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
जेएमएफसी–02, सेंट्रल, कमरा नंबर 26,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5957/N/2026

हरियाणा सरकार

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण

## हरियाणा सरकार ने ई-भूमि पोर्टल

http://ebhoomi.jamabandi.nic.in

के ज़रिए भू-मालिकों की सहमति से 71 शहरों में लगभग

# 1.67 लाख एकड़ ज़मीन

खरीदकर आवासीय, वाणिज्यिक और संस्थागत क्षेत्र के विकास की योजना बनाई है।

DIGITAL HARYANA | डिजिटल हरियाणा पारदर्शी हरियाणा

दूसरे चरण में 17 शहरों में लगभग **47,000** एकड़ ज़मीन खरीदी जा रही है।



**योजना की अंतिम तिथि 30 जून, 2026**

## खरीदी जाने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| चिन्हित क्षेत्र/ जिला/कस्बा | राजस्व गांव | क्षेत्रफल (एकड़ में) |
|---|---|---|
| सोहना | खाईका, बलूदा, सोहना, रामपुर, जाखूपुर, रायसीका, बारोटा, खानपुर, बेरका, धुनैला, रायसीना | 5035.15 |
| ग्वाल पहाड़ी | ग्वाल पहाड़ी | 133.39 |
| पटौदी | जटौली, छावन, पटौदी, मुबारिकपुर, जनौला, नरहेड और रामपुर | 1694.39 |
| करनाल | करनाल, मंगलपुर, मकरमपुर, कैलाश, बलदी, कैलाश, टिंकरी, बूढ़ा खेड़ा, फूसगढ़ | 1563.741 |
| कुरुक्षेत्र | दर्रा खेड़ा, नरकातारी, किशनगढ़, सिरसमा, उमरी, शादीपुर लाडवा, प्रतापगढ़, पिंपली, सांवला, बज़ीदपुर, बोहली, अमरगढ मझाडा, प्रतापगढ़, रतनडेरा, दर्राखुर्द, थानेसर, हरियापुर, बाहरी, पलवल, खेडी रामनगर, बीडपिंपली | 6300.81 |
| साहा | बिंहटा, कालपी, ढकोला, नहावनी, साहा, तेपला, जवाहरगढ़ | 771.00 |
| पलवल | अलाहपुर-अगवानपुर-पलवल, पातली खुर्द, जोधपुर-रायपुर-धौलगढ | 2758.868 |
| प्रिथला | पृथला-नगला भीखू, दूधौला, गदपुरी | 1563.50 |
| जींद | अहिरका, अमरहेड़ी, अशरफगढ़, किशनपुरा, बिशनपुरा, पिंडारी, हैबतपुर, जुलानी, जलालपुर खुर्द, निर्जन, जींद | 4157.14 |
| फतेहाबाद | फतेहाबाद, बस्ती भिवान, मताना | 2753.21 |
| सिरसा | खैरपुर, कंगनपुर, खाजा खैरा, सिरसा, शमशाबाद, चत्तरगढ़ पट्टी, नेजाडेला कलां | 3493.13 |
| भिवानी | भिवानी जोनपाल, पालवास | 238.09 |
| गन्नौर | बाय, गढ़ी केसरी, पांची गुजरान, बड़ौत, टेहा, गन्नौर, गुमड़, जलालाबाद, बड़ी | 2244.25 |
| खरखौदा | खरखौदा, थाना कलां, पिपली, गोपालपुर, बरोना, रोहना, सैदपुर | 5122.298 |
| गोहाना | गोहाना, नगर, गढ़ी सराये, नामदार खा, बड़ौता, खन्दराई | 2169.74 |
| बहादुरगढ़ | बरकताबाद, सराय औरंगाबाद, बामनौली, बहादुरगढ़, सांखोल, बराही, कसार, खेड़का मुसलमान, नूना माजरा, टाण्डा हेड़ी, जाखैदा, शादपुर, बालौर, परनाला, हसनपुर | 6355.06 |
| पानीपत | सोंधापुर, फरीदपुर, काबडी, निज़ामपुर, रतिपुर, सिवाह, खेडी नांगल उग्रा खेडी, भैंसवाल, तरफ मखदूमजादगान | 1065.00 |

**समय सीमा** - उक्त क्षेत्रों के इच्छुक भू-मालिक/भू-संग्राहक ई-भूमि वेबसाइट ebhoomi.jamabandi.nic.in पर जा सकते हैं और उदेश्य के लिए अपनी भूमि की पेशकश करने के लिए अपनी रुचि प्रस्तुत कर सकते हैं। भू-मालिक/भू-संग्राहक से रुचि/ प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए ई-भूमि पोर्टल 30.06 2026 (2 महीने) तक खुला है।

**अधिक जानकारी के लिए**

ई-भूमि वेबसाइट पर जाएं

http://www.hsvphry.org.in

**अथवा संपर्क करें**

099960-74043, 094680-45455 (गुरुग्राम, सोहना, ग्वाल पहारी, पटौदी)

098965-74775 (करनाल)

099288-18564 (कुरुक्षेत्र)

086838-45145 (अंबाला, साहा)

79825-07579, 88106-50008 (फरीदाबाद , पलवल, प्रिथला)

094163-15365 (जींद)

088608-37653 (हिसार, फतेहाबाद)

086849-84455 (सिरसा)

097293-20497 (भिवानी)

085912-49192 (सोनीपत, गन्नौर, खरखौदा , गोहाना )

094684-61232 (बहादुरगढ़ )

078385-41230 (पानीपत)

पर संपर्क करें

अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

**CLEAR INTENT - TRANSPARENT MECHANISM**

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण**

सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सैक्टर-6, पंचकूला-134109, हरियाणा

hsvphry.org.in. Hsvphry

ADVT 007/26



हेल्दी और फिट रहने के लिए केवल डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन को फॉलो करना पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए आपकी लाइफस्टाइल भी सही होनी चाहिए। आज अनेक यंगस्टर्स इसी फॉर्मूले को फॉलो कर रहे हैं।

# फिटनेस के लिए यंगस्टर्स बदलें अपनी लाइफस्टाइल

**फिटनेस**
दिव्यज्योति 'नंदन'



आज के दौर में सुबह पार्क में दौड़ते हुए युवा, जिम में पसीना बहाती हुई युवतियां, कलाइयों पर स्मार्ट वाच और सोशल मीडिया में फिटनेस अपडेट के साथ लगातार जुड़े यंगस्टर्स, अब सिर्फ फिट नहीं रहना चाहते बल्कि फिटनेस की अपनी पूरी अवधारणा ही बदल डालना चाहते हैं यानी, अब शरीर को फिट रखने की जगह वे अपनी पूरी जीवनशैली को ही फिट बनाने में लगे हैं। इसके लिए एफर्ट से ज्यादा अपनी सोच बदलने की जरूरत होती है। अगर आप अपनी सोच में हेल्थ और फिटनेस को तरजीह देंगे तो हेल्दी-फिट लाइफ जीना आसान हो जाएगा।

**स्लिम नहीं स्ट्रांग को दें इंपॉर्टेंस:** एक समय था जब युवाओं का लक्ष्य फिट दिखने के नाम पर पतला और स्मार्ट दिखना होता था। लेकिन अब फिट होने का मतलब है स्ट्रांग होना। आज के युवा सिक्स पैक या जीरो फिगर से आगे बढ़कर स्ट्रेंथ, स्टेमिना और वर्क पावर पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसी सोच ही आपको रियली फिट रहने में हेल्पफुल होती है। इसी तरह युवतियों में वेट ट्रेनिंग का तेजी से चलन बढ़ रहा है, क्योंकि फिट दिखने से ज्यादा अब वे फिट महसूस करना जरूरी मानती हैं। इसके लिए बॉडी को पॉजिटिविटी चाहिए होती है। यंगस्टर्स की सोच में आया यह बदलाव बताता है कि फिटनेस अब दिखावे से बाहर निकलकर हेल्थ का मूल मंत्र बन गया है।



**मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी जरूरी:** पूरी तरह हेल्दी और फिट रहने के लिए यह समझना भी जरूरी है कि सिर्फ शरीर को मजबूत करना ही पर्याप्त नहीं होता है। आज के दौर में यंगस्टर्स के लिए कॉलेज, करियर और सोशल मीडिया के दबाव के बीच मेंटल हेल्थ भी एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। इसे बनाने के लिए योगासन, ध्यान और प्राणायाम भी अब युवाओं का पसंदीदा शगल बन गया है। अनेक विशेषज्ञ कहते हैं कि मेंटल हेल्थ के लिए योग का अभ्यास कारगर होता है। इसके अलावा डिजिटल डिटॉक्स और माइंडफुलनेस भी जरूरी मंत्र हैं। अच्छी फिटनेस तनाव कम करने का माध्यम भी बन सकती है। इसलिए अब फिटनेस की पुरानी परिभाषा केवल मसल्स फिटनेस तक सीमित नहीं रही है, बल्कि मस्तिष्क का संतुलन भी जरूरी है।

**डिजिटल फिटनेस भी जरूरी:** फिटनेस की दुनिया अब तकनीक की गहराई से भी जुड़ती है। स्मार्ट वॉच और फिटनेस बैंड से स्टेप काउंट अब यंगस्टर्स के लिए सामान्य बात है। अच्छी नींद, हार्ट रेट और कैलोरी ट्रैकिंग अब जरूरी होता जा रहा है। मोबाइल एप्स के जरिए भी वर्कआउट प्लान बनाया जा सकता है। सही तरह से यूज किया जाए तो ये सब डिजिटल टेक्नीक्स आपको हेल्दी, फिट रखने में हेल्पफुल साबित होते हैं। इनकी मदद से आप हर दिन अपने आंकड़े पहले से बेहतर करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। लेकिन डेटा के प्रेशर में आने से बचने में ही समझदारी है।

**फिटनेस बना सोशल फेस:** आज फिटनेस केवल स्वास्थ्य गतिविधि भर नहीं है। रनिंग क्लब, साइकिलिंग ग्रुप्स, जिम कम्युनिटी का एक तरह के सोशल प्लेटफॉर्म के रूप में यूज किया जा सकता है। इससे आपके सोशल रिलेशन मजबूत होते हैं, जो आपको मेंटली रिलैक्स होने में सहायक होती है।

**फिटनेस पाने के नए तरीके:** फिटनेस के लिए जरूरी नहीं कि आप जिम में जाकर ही एक्सरसाइज करें। फिटनेस के लिए आप पिलेट्स, क्रॉस फिट और फंक्शनल ट्रेनिंग भी आजमा सकते हैं।

**डाइट कॉन्शसनेस भी आवश्यक:** फिटनेस के लिए हेल्दी डाइट का भी बड़ा रोल होता है। यही कारण है कि आज के युवा हाई प्रोटीन सप्लीमेंट्स को अपनी फिटनेस जर्नी का जरूरी हिस्सा मानते हैं। लेकिन सप्लीमेंट लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

**अवेयरनेस**
रजनी अरोड़ा

कुछ लोगों को बेवजह, बिना किसी गंभीर बीमारी या बिना परिश्रम किए भी हमेशा थकान महसूस होती है। वास्तव में यह भी एक शारीरिक समस्या क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम के लक्षण हो सकते हैं। **इंटरनेशनल क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम अवेयरनेस डे (12 मई)** के अवसर पर यहां दे रहे हैं इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां।

# जब महसूस हो हर समय थकान



जतिन कुछ दिनों से महसूस कर रहा था कि रात को तकरीबन 7 घंटे की गहरी नींद सोने के बाद भी सुबह उठने में दिक्कत होती थी। जैसे-तैसे घर का काम निपटा कर ऑफिस चला तो जाता था। लेकिन काम करने का मन नहीं करता था। पूरा दिन सुस्ती, थकान बनी रहती थी। यहां तक कि आराम करने के लिए उसने ऑफिस से छुट्टियां भी लीं, पर थकान ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। डॉक्टर को दिखाने और जरूरी टेस्ट करवाने पर पता चला कि मिडिल एज पर पहुंचे जतिन क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम से ग्रस्त हैं। उन्हें डॉक्टर ने हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने और मल्टीविटामिन सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दी।

## क्या है क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम

क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम (सीएफएस) गंभीर मेडिकल कंडीशन है, जिसमें व्यक्ति बहुत ज्यादा थकान महसूस करता है और यह थकान लंबे समय यानी 6 महीने या अधिक समय तक लगातार बनी रह सकती है। इसे सेट यानी सिस्टेमिक एक्जरशन इंटोलरेंस डिजीज भी कहते हैं। यह कोई आम थकान नहीं, सुबह उठने पर व्यक्ति को ऐसा लगता है, जैसे उसकी नींद पूरी ही नहीं हुई। मसल्स, पूरा शरीर एकदम टूटा-टूटा और थका-थका-सा महसूस करता है। थोड़ा और आराम करने पर भी राहत नहीं मिल पाती। थकान सारा दिन बनी रहती है और रोजमर्रा के काम करने में भी मुश्किल होती है। क्वालिटी ऑफ लाइफ प्रभावित होती है।

## आम थकान से है अलग

दिन भर फिजिकल और मेंटल एक्टिविटीज करने के कारण व्यक्ति को कमजोरी और थकावट महसूस होती ही है। अगर कुछ देर आराम मिल जाए, तो एनर्जी लेवल रिचार्ज हो जाता है और वो दुबारा अपनी एक्टिविटीज में लग जाता है। लेकिन क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम में आराम करने के बाद भी यह थकान दूर नहीं होती, सुस्ती महसूस होती है, व्यक्ति का मूड खराब रहता है।



## क्या होता है असर

अकसर मरीज के परिवार वाले मरीज की इस बीमारी को समझ नहीं पाते। परिवार वालों को लगता है कि व्यक्ति को सिर्फ वहम है, काम से बचने के लिए थकावट का बहाना बना रहा है। जबकि यह बहाना नहीं, लंबे समय तक चलने वाली बीमारी है, जिसका इलाज कराना होता है और फिजिकल रिहैबिलिटेशन और दवाइयां भी लेनी होती हैं। नजरअंदाज करने पर पीड़ित व्यक्ति को फ्रस्ट्रेशन, स्ट्रेस एंगजाइटी, डिप्रेशन होने की संभावना बनी रहती है, जिनसे उबरने के लिए व्यक्ति को लंबे समय तक उपचार भी कराना पड़ सकता है।

## फटीग सिंड्रोम के क्या हैं कारण

क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम होने के कई कारण हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं-अनहेल्दी लाइफस्टाइल, अनियमित दिनचर्या के कारण स्लीप साइकल गड़बड़ाना और नींद पूरी न होना, पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन न करना, कैफीन का अधिक सेवन करना, मेटाबॉलिज्म गड़बड़ाने से पाचन क्रिया प्रभावित होना, शरीर में आयरन और विटामिन बी-12 की कमी से एनीमिया या खून में हीमोग्लोबिन की कमी होना, हाइपोथायरॉइड होने पर शरीर में कमजोरी रहना, हार्मोनल असंतुलन के कारण अनियमित मासिक धर्म और उससे जुड़ी समस्याएं होना, थायरॉइड, डायबिटीज, टीबी, लिवर, किडनी जैसी गंभीर बीमारियां होना, स्ट्रेस, एंगजाइटी, डिप्रेशन जैसी मानसिक समस्याएं होना।

## फटीग सिंड्रोम के प्रमुख लक्षण

पीड़ित व्यक्ति में गहरी नींद का अल्फा डेल्टा वेव पैटर्न डिस्टर्ब होता रहता है, जिसकी वजह से रात भर सोने के बाद भी फ्रेश महसूस नहीं करते। लो-एनर्जी होने से हर वक्त थकान रहना, आराम करने के बाद भी थकान बनी रहना, भूख न लगना, लगातार कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, मांसपेशियों, जोड़ों और सिर में दर्द रहना, डाइजेशन (पाचन) संबंधी समस्याएं होना, किसी काम को करने में कंसंट्रेशन कम होना जैसी समस्याएं होती हैं। मरीजों को शॉर्ट टर्म मेमोरी लॉस, याददाश्त कम होना, मूड स्विंग जैसी न्यूरोलॉजिकल समस्याएं होने की शिकायत भी रहती है। यूं तो यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को हो सकती है। शोधों से साबित हो गया है कि सीएफएस, महिलाओं में पुरुषों की तुलना में चार गुना ज्यादा पाया जाता है।

## आजमाएं ये उपाय

बॉडी में एनर्जी बनाए रखने के लिए लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन जरूरी है।



- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। अपनी बायोलॉजिकल क्लॉक को रिसेट करें। नियत दिनचर्या बनाएं और यथासंभव उस पर अमल करें। जिसमें सोने-जागने, खाने-पीने, दिनचर्या के काम करने, पढ़ने, काम करने, एक्सरसाइज, खेलने, आराम करने का समय निर्धारित करें। ब्रेकफास्ट अवॉइड न करें और रात का खाना सोने से तकरीबन 3 घंटे पहले कर लें।
- काम और आराम में संतुलन बनाएं। लगातार एक जैसा काम करते रहने से थकान के साथ बोरियत भी महसूस होती है। इससे बचने के लिए कोई भी काम लगातार न करें। टुकड़ों में बांट लें और बीच-बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लेकर खुद को फ्रेश करें।
- आहार का पूरा ध्यान रखें। जंक या फास्ट फूड की बजाय पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें। एंटी-इंफ्लेमेट्री डाइट का सेवन करें। खाने में रेनबो डाइट शामिल करें। आहार में मौसमी और ताजी फल-सब्जियां ज्यादा से ज्यादा लें। ग्लूकोज कम करें। गेहूं के बजाय स्टार्च निकले चावल या ब्राउन राइस, ओट्स, मक्की की रोटी, क्नीओवा, बेसन, मल्टीग्रेन आटा बेहतर है। हेल्दी फैट्स, कॉम्प्लेक्स कार्ब्स डाइट में शामिल करें। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर ड्राई फ्रूट्स और सीड्स का सेवन करें। दिन में एक-दो बार कैमोमाइल टी लें।
- शुगर, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट या ऑयली खाद्य पदार्थों के बजाय कैल्शियमरिच, आयरनयुक्त, प्रोटीन रिच फूड्स का सेवन करें। खाने में शुगर या कार्बोहाइड्रेट ज्यादा लेने से नींद ज्यादा आती है, जबकि प्रोटीन रिच डाइट लेने से ब्लड में शुगर धीरे-धीरे रिलीज होता है और आप ज्यादा एक्टिव रहते हैं। रात को सोने से पहले गुनगुना दूध पीना भी फायदेमंद है।
- चाय-कॉफी, एल्कोहल, सिगरेट से परहेज रखें। हालांकि लगातार काम करने की स्थिति में दिमाग थक जाता है और फ्रेश फील करने के लिए चाय-कॉफी पीना एनर्जेटिक तो फील कराती है, लेकिन ज्यादा कैफीन का सेवन सुस्ती की तरफ ले जाता है।
- स्क्रीन टाइम कम करें। शारीरिक-मानसिक थकावट दूर करने के लिए लाइट म्यूजिक सुनें। संगीत आपको पॉजिटिव ऊर्जा देगा और मूड को बेहतर बनाएगा, जिससे आप तरोताजा महसूस करेंगे और नए कार्य करने को सक्रिय होंगे।
- अपने को फिट रखने के लिए सुबह या दिन में कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज, वॉक, योगा जरूर करें। सुबह की ताजी हवा सुस्ती दूर करती है। वैज्ञानिक मानते हैं कि बहुत ज्यादा थकान रहने वाले लोगों को एक्सरसाइज करने से थकान का लेवल कम हो जाता है।
- कुछ समय मेंटल रिलेक्सेशन के लिए जरूर निकालें। प्रकृति के साथ कुछ समय बिताएं, बच्चों के साथ समय बिताएं। स्ट्रेस से बचने के लिए मेडिटेशन करें, घर में पेड़-पौधे लगाएं, उनसे थोड़ी पॉजिटिव एनर्जी आएगी। अपने पसंदीदा इंसान के साथ कुछ समय गुजारें।
- 7-8 घंटे की भरपूर नींद लें। यथासंभव दिन में एक पॉवर नैप लेना, खुद को रि-चार्ज कर लेने जैसा होता है। एक्टिव रहने के वास्ते नींद से समझौता बिलकुल न करें। रात को सोने से करीब एक घंटा पहले डिजिटल गैजेट्स से दूरी बना लें। अपनी पसंदीदा किताबें पढ़ें या पसंदीदा हॉबीज करें। *

**(लाइव लाइफ मोर वेलनेस क्लीनिक, कनाडा के सीनियर फिजीशियन, डॉ. संदीप जस्सल और आहार विशेषज्ञ पल्लवी जस्सल से बातचीत पर आधारित)**

### इलाज के तरीके



सबसे पहले यह जानना जरूरी होता है कि थकान के पीछे क्या कारण हैं। इसके लिए डॉक्टर कई तरह के ब्लड टेस्ट कराते हैं जैसे- हीमोग्लोबिन, थाइरॉयड फंक्शन टेस्ट, लिवर और किडनी फंक्शन टेस्ट, ब्लड शुगर, विटामिन-डी और बी-12 लेवल का टेस्ट, चेस्ट एक्स-रे। हीमोग्लोबिन या शरीर में विटामिन और आयरन की कमी होने पर मरीज को इनके सप्लीमेंट्स दिए जाते हैं। जरूरत के हिसाब से मल्टीविटामिंस भी दिए जाते हैं। थाइरॉयड हार्मोन की गड़बड़ी, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों को कंट्रोल करने के लिए मेडिसिन दी जाती हैं।

**सीजनल डाइट / शिवचरण चौहान**

# गर्मी में बहुत लाभकारी है छाछ



एक मिट्टी की मटकी में जमाए गए दही में पानी मिला कर काठ की मथानी से मथे गए द्रव्य को मट्ठा या छाछ कहते हैं। जिस मट्ठे की मलाई ना निकाली गई हो पानी ना डाला गया हो उसे घोल कहते हैं। मट्ठे से मक्खन निकाल लिया गया हो और उसमें पानी ना डाला गया हो उसे मति कहा जाता है। जिस दही में न पानी डालकर मथा गया हो उसे तक्र कहा गया है। गाय के दूध से जमाए गए दही को बिलोकर बनाया गया मट्ठा गर्मी के मौसम में विशेष रूप से लाभकारी होता है।

**कई रोगों में कारगर:** हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी मट्ठे का उल्लेख मिलता है। भुने हुए जीरा और काला नमक मिलाकर मट्ठा पीना, गर्मियों में पेट के रोगों के लिए रामबाण का काम करता है। मट्ठा स्वादिष्ट, खट्टा, हलका, उष्ण होता है। वात शूल, आमातिसार, वायु विकार, पीलिया, बवासीर, पेट पीड़ा, उल्टी, भोजन से अरुचि, मूत्र विकार, अजीर्ण समेत कई उदर विकारों में फायदेमंद होता है। मट्ठा त्रिदोष नाशक भी माना जाता है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि सुबह दही के साथ नाश्ता करने, दोपहर के भोजन के बाद मट्ठा पीने और शाम को हल्का गुनगुना दूध पीना बहुत लाभकारी होता है। छाछ में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो पाचन सुधार में सहायक होते हैं। मसालेदार भोजन करने से अगर जलन या एसिडिटी हो रही हो तो छाछ का सेवन राहत देता है। इसकी तासीर ठंडी होती है, इसलिए गर्मी के मौसम में इसे पीने से लू लगने की आशंका कम होती है। शरीर में ताजगी बनी रहती है। नियमित छाछ पीने से बोंस मजबूत बनती हैं क्योंकि इसमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो भी छाछ का सेवन फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इसमें कैलोरीज कम होती हैं। यह शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है और इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित करता है, इसलिए गर्मी में इसका सेवन विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है। इतना ही नहीं यह रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है।

**सेवन करते समय रखें ध्यान:** नियमित मट्ठे का सेवन करने से मूत्र का पीलापन समाप्त हो जाता है। मट्ठे का नित्य सेवन करने से मनुष्य लंबी उम्र पाता है। सभी उम्र के लोगों को मट्ठा बहुत फायदा पहुंचाता है। लेकिन मट्ठे का सेवन समझ-बूझकर और डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए। जलोदर, यकृत विकार, सांस, खांसी, बुखार से ग्रस्त व्यक्ति को मट्ठा नहीं पीना चाहिए। *

**प्रिकॉशन**
डॉ. माजिद अलीम

अनेक लोग अपने दांतों की सफाई को लेकर बहुत कॉन्शस नहीं रहते हैं। इससे केवल दांत संबंधी ही नहीं कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं। इन बीमारियों से कैसे बचें और अपनी ओरल हेल्थ अच्छी रखें, इस बारे में दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# टीथ क्लीनिंग में लापरवाही से हो सकती है गंभीर समस्याएं





द लैंसेट रीजनल हेल्थ, साउथ ईस्ट एशिया में ओरल हेल्थ से संबंधित प्रकाशित एक लेख में इस बात की चर्चा की गई है कि हमें अपनी दांतों की सफाई के प्रति बेहद सजग और सचेत होना चाहिए, क्योंकि इसमें बरती गई लापरवाही कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी की वजह बन सकती है। ओरल हेल्थ और कैंसर के खतरे के बीच इस लेख में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों से भी जोड़कर बताया गया है।

**बिल्कुल न बरतें लापरवाही:** हम लोग अकसर मुंह की साफ-सफाई को या दांतों के स्वास्थ्य को सांस संबंधी बीमारियों से जोड़कर देखते हैं। हकीकत यह है कि कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियां और दांतों के रख-रखाव में बरती गई लापरवाही के कारण कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों की वजह भी हो सकती है। हाल में ही एम्स द्वारा लोगों से अपील की गई है कि सुबह उठकर प्रतिदिन अपने दांत साफ करने को लेकर स्कूलों में भी बच्चों को इस बारे में सजगता बरतने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। आइए जानते हैं कि किस तरह हम ओरल हेल्थ को लेकर सजग रह सकते हैं?

**दिन में दो बार ब्रश करें:** सुबह सोकर उठने के बाद और रात को सोने से पहले दांतों की सफाई जरूरी है। रात को ब्रश करने से उनमें दिनभर में जमा होने वाला प्लाक, खाने के कण दांतों में जमने से दांतों की गंदगी से होने वाली बीमारियों के खतरे कम हो जाते हैं।

**टंग क्लीनर न भूलें:** दांतों की सफाई के साथ-साथ प्रतिदिन जीभ की भी सफाई करें ताकि पूरा मुंह साफ रहे। जीभ पर बैक्टीरिया जमा होने से सांसों की दुर्गंध और जीभ पर अनेक बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं, जिनकी सफाई जरूरी है।

**प्रतिदिन फ्लॉस करें:** फ्लॉसिंग का मतलब दांतों और मसूड़ों के बीच की साफ-सफाई से होता है। फ्लॉसिंग से दांतों में फ्लॉस का जमाव कम होता है और कैविटी के साथ ही मसूड़ों की बीमारियां कम होती हैं।

**माउथ वॉश:** दिन में कम से कम एक बार माउथ वॉश से मुंह की सफाई करें, ये हमारे दांतों की सुरक्षा और सांसों की बदबू को दूर करता है। खाना खाने के बाद जब हमारे मुंह में भोजन के कण लंबे समय तक बने रहते हैं तो इससे सांसों में दुर्गंध पैदा होती है, इसलिए माउथ वॉश का इस्तेमाल जरूर करें।

**ब्रश करने की सही तकनीक अपनाएं:** जल्दबाजी में ब्रश करने से भोजन के कण दांतों में ही फंसे रह जाते हैं, जिससे उनमें प्लाक बनता है। नरम ब्रिसल वाले टूथब्रश से सर्कुलर मोशन में लगभग दो मिनट तक मुंह की सफाई करनी चाहिए। दांतों को तेजी से न रगड़ें क्योंकि इससे उनके इनेमिल को नुकसान पहुंचता है और मसूड़े खराब होते हैं।

**फ्लोराइड युक्त टूथ पेस्ट चुनें:** फ्लोराइड युक्त टूथ पेस्ट दांतों के इनेमिल की रक्षा करता है और उन्हें गिरने से बचाता है। अपने टूथ पेस्ट का इस्तेमाल करते हुए ब्रांड और फ्लेवर की बजाय फ्लोराइड युक्त पेस्ट का इस्तेमाल करें।

**जमकर पानी पीएं:** दिन में 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीएं, ताकि दांतों में जमा भोजन के कण पानी के साथ मिल सकें और लार बनें, क्योंकि मुंह में बनने वाले और हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाने वाले एसिड के लिए यह सुरक्षा कवच है।

**ज्यादा मीठा-एसिडिक फूड न खाएं:** सोडा, चाय और सिट्रिस ड्रिंक्स दांतों की बाहरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इनको कम से कम लें और मीठा या सोडा लेने के बाद पानी पीएं।

**नियमित जांच कराएं:** हर छह महीने के बाद अपने दांतों की जांच करवाएं और किसी प्रोफेशनल डेंटिस्ट से क्लीनिंग करवाएं। डेंटिस्ट दांतों संबंधी बीमारियों को समय रहते डायग्नोस कर ट्रीटमेंट कर देंगे। *




मोबाइल यूनिट्स ठंडा पानी, ओआरएस, गमछे और कैप से होंगी लैस

# सीएम रेखा गुप्ता ने 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भीषण गर्मी के दौरान दिल्ली में कोई भी व्यक्ति हीट स्ट्रोक का शिकार न हो इसके लिए बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय से 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन यूनिट्स का उद्देश्य भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान लोगों को राहत पहुंचाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजधानी में लू के असर को कम करने के लिए तैयार किए गए 'हीट एक्शन प्लान 2026' की बुकलेट भी जारी की। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी और हीट वेव की चुनौती से निपटने के लिए दिल्ली सरकार व्यापक और जन-केंद्रित कदम उठा रही है ताकि नागरिकों को बेहतर सुरक्षा और राहत मिल सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि राहत को सीधे लोगों तक पहुंचाना है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार ने सभी 13 जिलों के लिए 13 विशेष मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स तैयार की हैं। ये यूनिट्स शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराएंगी। 'गर्मी से जंग, दिल्ली सरकार के संग' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस वर्ष का हीट एक्शन प्लान पूरी तैयारी और समन्वय के साथ लागू किया है। यह प्लान शहर के हर वर्ग और हर व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, विशेष रूप से दिहाड़ी और निर्माण श्रमिकों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, बेघर व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों जैसे संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

इसके अलावा, सरकार ने निर्माण कार्यों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक बाहरी श्रम कार्यों को रोकने और विश्राम अवधि सुनिश्चित करने के निर्देश सार्वजनिक और निजी संस्थानों को दिए गए हैं। श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को गर्मी और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए सभी स्कूलों में 'वॉटर बेल सिस्टम' लागू किया गया है ताकि नियमित अंतराल पर बच्चों को पानी पीने के लिए प्रेरित किया जा सके। स्कूलों में दोपहर के समय आउटडोर गतिविधियों और असेंबली को भी रोक दिया गया है। इसके अतिरिक्त अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। राजधानी के 339 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस, आइस पैक और आवश्यक दवाइयों की अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और विशेष 'कूल रूम' भी स्थापित किए गए हैं।

## नई एसएमसी गाइडलाइंस शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तनकारी बदलाव का प्रतीक : सूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई एसएमसी गाइडलाइंस 2026 भारत की शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तनकारी बदलाव का प्रतीक है। यदि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है, तो उसका रास्ता भारत के क्लासरूम्स से होकर ही निकलेगा। यह बातें बुधवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने विज्ञान भवन में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) दिशानिर्देश का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि राष्ट्र केवल संसदों में नहीं बनते, बल्कि सबसे पहले कक्षाओं में तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने भारत की शिक्षा यात्रा को नई दिशा प्रदान की है। मंत्री सूद ने कहा कि लंबे समय तक देश की शिक्षा व्यवस्था सिलेबस, परीक्षा और अंकों तक सीमित रही, लेकिन एनईपी 2020 ने पहली बार यह स्पष्ट दृष्टिकोण दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि उन्हें सक्षम, आत्मविश्वासी, रचनात्मक और संवेदनशील नागरिक बनाना है।

**खबर संक्षेप**

### टाटा पावर करेगा नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नई दिल्ली।** निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने घोषणा की है कि आगामी नौ मई 2026 को रोहिणी में एक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में कंपनी का कहना है कि टाटा पावर क्षेत्रों में बिजली चोरी और कटे हुए कनेक्शनों की तत्काल सुनवाई और निपटान के लिए स्थायी लोक अदालत-1 सेक्टर-13, रोहिणी में लोक अदालत लगाई जा रही है। आगामी 9 मई 2026 को आयोजित इस लोक अदालत का आयोजन दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) के सहयोग से किया जा रहा है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शनिवार 9 मई 2026 को सवेरे 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लोक अदालत में सुनवाई होगी। इसमें शामिल होने के लिए लंबित व विवादित मामलों का निपटारा करने के इच्छुक उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 19124 पर कॉल कर सकते हैं।

### वृद्धों व विकलांगों के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा के नेतृत्व में उस्मानपुर वार्ड संख्या 226 स्थित कार्यालय में वृद्धों व विकलांगों का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण किए गए। इस कैंप के माध्यम से क्षेत्र के लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिनमें कमर दर्द, घुटनों के दर्द, चलने में सहायता हेतु छड़ी, वॉकर एवं तीन पहियों वाली ट्राइसाइकिल, शौच हेतु कमोड सीट, सुनने में कठिनाई वाले व्यक्तियों के लिए श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) तथा बैठने में असुविधा के लिए कुशन आदि शामिल रहे।

## कालकाजी में हर्ष मल्होत्रा ने किया चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कालकाजी के नेहरू एंकलेव में दिल्ली नगर निगम द्वारा निर्मित चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के सभी पार्कों को हरा-भरा करने और उनमें जिम, वॉक वे तथा लाइट आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष योजना बनाई गई है।

दिल्ली नगर निगम सेंट्रल जोन की चेयरमैन योगिता सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। हर्ष मल्होत्रा ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा में केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में 24 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं की जानकारी दी जिनमें हाईवे, अंडरपास, फ्लाईओवर आदि शामिल हैं। मल्होत्रा ने कहा कि इससे दिल्ली के लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार, डीडीए और नगर निगम के सभी पार्कों में विकास की योजना से दिल्ली में जहां हरियाली बढ़ेगी, वहीं लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। पार्कों में जिम से लोग अधिक फिट रह सकते हैं। रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पार्कों के विकास के लिए पहले से अधिक बजट उपलब्ध कराया है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्य चल रहा है।

### निगम के आवासीय क्षेत्रों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों पर लटकी तलवार, भाजपा विफल : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि भाजपा शासित नगर निगम अंतर्गत आवासीय क्षेत्रों में चल रही में व्यवसायिक गतिविधियों पर सीलिंग की तलवार लटकी गई है। लाखों लोगों की रोजी रोटी पर लटकी इस तलवार के लिए पूरी तरह से भाजपा जिम्मेदार है। क्योंकि नगर निगम ने इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सही तरीके से पक्ष नहीं रखा जिसका खामियाजा अब दिल्ली की जनता भुगत रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली में 69 कॉलोनियों की 351 सड़कों को मिश्रित भू-उपयोग के लिए नोटिफाई नही करवा पाना भाजपा की नाकामी है जिसमें दिल्ली में लोकसभा के सातों सांसद भी मिश्रित भू-उपयोग नोटिफाई के लिए लंबित पड़ी 351 सड़कों का नोटिफिकेशन जारी करवाने में विफल साबित रहे है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने भी झूठा दावा किया था कि दिल्ली में सीलिंग नही होगी। लेकिन अब निगम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जो नोटिस जारी कर रही है उससे हजारों व्यवसायिक सम्पति धारकों और रिहायशी क्षेत्रों में छोटी मोटी दुकानों की सीलिंग से कौन बचाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम सुप्रीम कोर्ट सर्वेक्षण की आड़ में अब दिल्ली के दुकानदारों, फैक्ट्री मालिकों, बैंक्वट और होटल रेस्टोरेंट व्यापारियों सहित रिहायशी क्षेत्रों में दुकानदारों व छोटा मोटा काम करने वालों को बिजनेस सीज करने का नोटिस भेजकर प्रताड़ति कर रही है। नोटिस में स्पष्ट लिखा है कि रिहायशी जमीन पर कमर्शियल कार्य नही किया जा सकता। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा अपने पिछले 15 वर्षों वाले निगम शासन को दोहराएगी। जब जनता को राहत दिए बिना हजारों दुकानों और घरों को सील कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की भांति भाजपा की सरकार को भूमिश्रित उपयोग के नियम में एक्सटेंशन देकर अथवा कानून बनाकर लोगों की आजीविका की सुरक्षा करने की तरफ कदम उठाना चाहिए। यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार एक तरफ तो 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए उनकी रजिस्ट्री करने हेतू ऑनलाइन प्रक्रिया शुरु कर रही है।

## भाजपा उत्तर-पश्चिम जिला ने महापौर और नेता सदन का किया अभिनन्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा उत्तर-पश्चिम जिला द्वारा दिल्ली नगर निगम में प्रवेश वाही को महापौर चुने जाने तथा मास्टर जयभगवान यादव को नेता सदन एवं स्थायी समिति के सदस्य चुने जाने पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विनोद सहरावत के नेतृत्व में दोनों जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महापौर प्रवेश वाही ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें उत्तर-पश्चिम जिले का कार्यकर्ता होने का अवसर मिला। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी के सहयोग से दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि दिल्ली नगर निगम से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे।

नेता सदन मास्टर जयभगवान यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि आगामी 18 महीनों में नगर निगम चुनाव होने हैं, ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर रणनीति बनानी होगी ताकि उत्तर-पश्चिम जिले की सभी 23 सीटों पर विजय प्राप्त की जा सके।

- दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे : वाही
- 18 महीने में एमसीडी चुनाव होने हैं, कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारी करें : जयभगवान
- किसानों और श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण पहली प्राथमिकता : विनोद सहरावत

जिला अध्यक्ष विनोद सहरावत ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर-पश्चिम जिले को महापौर एवं नेता सदन जैसे महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पश्चिम जिले में बड़ी संख्या में मजदूर एवं किसान वर्ग निवास करता है, इसलिए दोनों जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा है कि वे गांवों एवं श्रमिक वर्ग के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार के माध्यम से राजधानी को देश का सबसे सुंदर शहर बनाने का लक्ष्य सभी मिलकर पूरा करेंगे।

बैठक में विशेष रूप से जिला प्रभारी पूनम चौहान, केशवपुरम जिले के प्रभारी श्री योगेश आत्रेय जी उपस्थित रहे। मंच संचालन जिले की महामंत्री श्रीमती अंजू द्वारा किया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

### पार्षद ने कादीपुर वार्ड की समस्याओं से उपायुक्त को कराया अवगत

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइन जोन के अंतर्गत कादीपुर वार्ड की पार्षद मुनेश देवी ने नवनियुक्त उपायुक्त शशि प्रताप सिंह के साथ बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इब्राहिमपुर नाला, एमसी प्राइमरी स्कूल इब्राहिमपुर एवं कादीपुर क्षेत्र का निरीक्षण कराया और पेयजल, जल निकासी एवं उद्यान विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में खराब पड़ी कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की स्थिति से अवगत कराया गया तथा कूड़ा गाड़ियों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई, ताकि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। उद्यान विभाग की भूमि का भी निरीक्षण कराया गया और क्षेत्र के सौंदर्यकरण से जुड़ी कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया। साथ ही उपायुक्त से कादीपुर वार्ड के सभी नालों को ढकने का विशेष अनुरोध किया गया, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की भी मांग रखी गई।



*भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर बुधवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मिलने लोक निवास पहुंचे। इस अवसर पर एलजी संधू ने अमेरिका के राजदूत गोर का स्वागत किया। दोनों के बीच दिल्ली को लेकर कई मुद्दों पर बातचीत भी हुई।*

### सरकार ने 'दिल्ली आरोग्य कोष' रेफरल व्यवस्था को किया मजबूत : पंकज

नई दिल्ली। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने और मेडिकल संसाधनों का और ज्यादा बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली आरोग्य कोष' (डीएके) योजना के तहत रिवाइज इंप्लीमेंटेशन लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। इन नए निर्देश का मकसद मरीज़ों को दूसरे अस्पतालों में भेजने की प्रक्रिया को और अधिक आसान बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सरकारी सहायता प्राप्त स्वास्थ्य ढ़ांचे के प्रभावी उपयोग को प्राथमिकता देना है। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कही। डॉ. पंकज ने कहा कि 'दिल्ली आरोग्य कोष' इकाई के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार अब किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के मरीज को निर्धारित सर्जरी या इलाज के लिए किसी चिह्नित निजी अस्पतालों में रेफर करने से पहले अधिकारियों के लिए आईपीएचएस के भीतर उपलब्ध निशुल्क ईडब्ल्यूएस बिस्तरों की उपलब्धता का गहन मूल्यांकन करना अनिवार्य होगा। संशोधित निर्देशों में सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध इमेजिंग सुविधाओं के बेहतर इस्तेमाल पर विशेष रूप से जोर दिया गया है। 'दिल्ली आरोग्य कोष' के तहत किसी मरीज को इमेजिंग सेवाओं के लिए रेफर करने से पहले अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित जरूरी सुविधा या तो सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं हो या फिर उसे निर्धारित समय सीमा यानि तीन दिनों की भीतर उपलब्ध नहीं कराई जा सकती है।

### ठेला हटाने पर सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कार्यरत सफाई कर्मचारी राजू (48 वर्ष) पर ठेला हटाने को लेकर एक युवक ने हमला कर दिया, जिससे उसे चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना मंगलवाल, 5 मई 2026 की सुबह की है, जब राजू श्रीनिवासपुरी के टी-मार्केट रोड पर नियमित सफाई कार्य कर रहे थे। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे खड़ी एक ठेली के नीचे कूड़ा होने के कारण उन्होंने ठेली को हटाकर सफाई शुरू की। इसी दौरान ठेली मालिक सचिन (निवासी श्रीनिवासपुरी) वहां पहुंचा और ठेली हटाने को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि सचिन ने गाली-गलौच करते हुए सरकारी काम में बाधा डाली और गुस्से में आकर स्कूटी की चाबी से राजू के चेहरे पर वार कर दिया। हमले में घायल राजू को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान उनके होंठ और मुंह के अंदर गहरी चोटें पाई गईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने छात्रों का किया मार्ग दर्शन

## जीजीएससीसी का 42वां वार्षिक समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू बुधवार को गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स (जीजीएससीसी) के 42 वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर एलजी के अलावा सीएम रेखा गुप्ता व मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा, गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष एम.पी.एस. चड्ढा, अध्यक्ष गुरुद्वारा कमेटी दिल्ली हरमीत सिंह कालका सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि इस वार्षिक दिवस के गौरवपूर्ण और हर्षोल्लास भरे अवसर पर, पूरे कॉलेज समुदाय को हार्दिक बधाई देता हूँ। वार्षिक दिवस केवल एक औपचारिक समारोह नहीं है, यह उत्कृष्टता, दृढ़ संकल्प और उस जीवंत भावना का उत्सव है, जो किसी भी संस्था को एक सूत्र में पिरो कर रखती है। पिछले चार दशकों में, इस कॉलेज ने दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। गुरु गोबिंद सिंह जी की महान शिक्षाओं और विरासत में निहित यह संस्थान, साहस, अनुशासन और सेवा के एक प्रकाश-स्तंभ के रूप में खड़ा है, और विरासत को आगे बढ़ाने में लगा है।

उन्होंने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने बिल्कुल सही कहा है कि जब किसी व्यक्ति या संस्था का संकल्प देश के प्रति समर्पित होता है, तो उसकी उपलब्धियों को राष्ट्र की उपलब्धियों के समतुल्य माना जाता है। एलजी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने सूचना तक पहुँचने की बाधाओं को काफी हद तक कम कर दिया है। जहाँ एक ओर यह अवसरों का विस्तार करता है, वहीं दूसरी ओर यह सूचना तक पहुँच और विषय की गहन समझ के बीच के अंतर को भी स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। अपने संबोधन में एलजी ने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर देखते हैं, भारत अपार अवसरों की दहलीज पर खड़ा है।

अपनी युवा आबादी और दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव के साथ, यह राष्ट्र आप यानी युवाओं की ओर देख रहा है कि आप दूर दृष्टि और जिम्मेदारी के साथ नेतृत्व करें। आपको न सिर्फ़ अपनी निजी सफलता के लिए प्रयास करना चाहिए, बल्कि समाज की प्रगति में भी योगदान देना चाहिए। स्थिरता, समावेशिता और नैतिक नेतृत्व जैसे मुद्दों में आपकी सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। इस मौके पर मौजूद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जीजीएससीसी कॉलेज आज अपने आप में एक पहचान बन गया है। शिक्षा व संस्कार के मामले में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

सीएम ने कहा कि छात्र ही किसी भी देश का भविष्य होता है। अगर छात्रों को समय अनुसार अच्छी, सस्ती व संस्कारित शिक्षा मिलती रहे तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। हमारे पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करते है। विकसित भारत हो या विकसित दिल्ली, हर जगह शिक्षा व संस्कार को लेकर मोटिवेट करते है।

### दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने निगम उपायुक्त और पुलिस उपायुक्त को किया तलब

नई दिल्ली। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने शाहदरा (उत्तरी) जोन की निगम उपायुक्त ममता यादव को नोटिस जारी कर 11 मई को आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। साथ ही संबंधित पुलिस उपायुक्त को भी 11 मई को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत के अनुसार, यह नोटिस सहायक सफाई निरीक्षक राजकुमार सोलंकी की आत्महत्या के मामले में जारी किया गया है, जिन्होंने हाल ही में कार्यालय की तीसरी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी थी। आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि पूर्व उपायुक्त अभिषेक मिश्रा के कार्यकाल में राजकुमार सोलंकी को निलंबित कर दिया गया था। लंबे समय तक सुनवाई न होने और लगातार कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद समाधान न मिलने से वह मानसिक रूप से परेशान थे। आत्महत्या से पहले उन्होंने अपने एक साथी से बातचीत में 2-3 अधिकारियों पर आरोप भी लगाए थे। गहलोत ने बताया कि मामले में सफाई निरीक्षक सीसा राम और सफाई अधीक्षक हरेंद्र कुमार को निलंबित किया गया है, लेकिन सहायक आयुक्त हेमराज मीणा समेत अन्य अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। आयोग ने इस पर नाराजगी जताई है। नोटिस में अब तक की गई कार्रवाई, पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी और मुआवजे की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

- सफाई कर्मचारी आत्महत्या मामले में दोनों को जारी किया नोटिस

## चिंतन

# नई उम्मीदें लेकर आएंगी नई सरकारें

विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद चार बड़े राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा बंगाल और तमिलनाडु की है। इसकी अपनी वजह है कि चर्चा क्यों है। बंगाल में जहां पहली बार भाजपा तो तमिलनाडु में पहली बार अभिनेता से नेता बने विजय थलापति की तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) सरकार बनाने को तैयार हैं। अब इन नई सरकारों से लोगों की उम्मीदें भी बढ़ी हैं और सरकार पर इन उम्मीदों को पूरा करने का दबाव भी रहेगा। बंगाल की बात करें तो ममता बनर्जी सरकार ने हमेशा केंद्र सरकार के साथ टकराव किया। साथ ही उन बुराइयों और प्रवृत्तियों को भी दूर नहीं किया जो वाम सरकार के समय में प्रचलित थी। इससे लोगों में नाराजगी स्पष्ट तौर पर दिखाई दी और जनता ने दीदी को बंगाल की सत्ता से अलविदा कर दिया। अब ऐसे में लोग नई सरकार से उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले समय में बदलाव दिखाई देगा और केंद्र की योजनाओं का उन्हें भी लाभ मिलेगा। लोगों की सुनी जाएगी। वहीं, तमिलनाडु में भी एमके स्टालिन सरकार और केंद्र के बीच 36 का आंकड़ा रहा। वे राज्य में भाषा विवाद को बेवजह तूल देकर टकराव मौल लेते रहे। इसके कारण नई शिक्षा नीति को राज्य के स्कूलों में लागू नहीं किया जा सका और छात्र इस लाभ से वंचित रहे। अब लोगों को टीवीके से उम्मीद है कि राज्य के लोगों का कुछ भला होगा और उन्हें सभी योजनाओं के लाभ पारदर्शिता से मिलेंगे, भ्रष्टाचार खत्म होगा। वहीं, टीवीके ने भी केंद्र से सहयोग की बात कही है। इससे लगता है कि वह केंद्र सरकार के साथ मिलकर चलेंगे और राज्य के लोगों के हितों की रक्षा करेंगे। हालांकि उनके सामने विधानसभा चुनाव में किए गए लोकलुभावन वादों को पूरा करने की चुनौती रहेगी। सभी वादे लागू करने में राज्य सरकार के खजाने पर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक बोझ पड़ सकता है। केरल में भी कुछ ऐसा ही हाल कांग्रेस का होगा। उसके सामने भी नई शिक्षा नीति को लागू करने की चुनौती होगी। हालांकि राज्य के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि नई सरकार उन्हें सभी योजनाओं का लाभ देगी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। जिस तरह का बदलाव इन तीन राज्यों में हुआ है, इससे नई सरकारों पर भी जन आकांक्षाओं को पूरा करने का दबाव रहेगा। इसके बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करेंगी तो निश्चय ही लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सकेगा और बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। असम में भाजपा की वापसी हुई है। यहां भी लोगों को उम्मीद है कि जो योजनाएं और लोगों को राहत देने के उपाय किए गए थे, वे लगातार जारी रहेंगे। इसके अलावा बाढ़मुक्त असम, रोजगार, महिला एवं युवा सशक्तिकरण पर भी सरकार ध्यान देगी। पुडुचेरी में राज्य का नेतृत्व करने वाली सरकार पर पर्यटन विकास, कृषि, ऋण माफी और राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा समेत लोगों के विकास की योजनाओं को पूरा किए जाने की उम्मीद होगी। कुल मिलाकर नई सरकारों के सामने जन अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना सबसे बड़ी चुनौती होगी। जनता बदलाव, पारदर्शिता, विकास और केंद्र-राज्य समन्वय की उम्मीद कर रही है। यदि ये सरकारें राजनीतिक टकराव से ऊपर उठकर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करें, तो आम लोगों के जीवन में वास्तविक सुधार संभव है। अंततः सफलता उसी सरकार की मानी जाएगी जो विश्वास, विकास और सुशासन के माध्यम से जनता की उम्मीदों को हकीकत में बदल सके।

# 'परफॉर्मेंस की राजनीति' की जीत



विश्लेषण

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के नतीजों में से दो नतीजे बड़े बदलाव के बारे में बताते हैं। एक नतीजा निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल का है, जहां भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली है। दूसरा बड़ा बदलाव तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां महज दो साल पहले गठित राजनीतिक पार्टी ने चुनावी जीत दर्ज की है और विजय हीरो के रूप में उभरे हैं। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाम मोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता को, 'लाल किले' को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नए राजनीतिक दौर की शुरुआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा 'परिवर्तन की प्रतीक' बनकर उभरी है।

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के नतीजों में से दो नतीजे बड़े बदलाव के बारे में बताते हैं। एक नतीजा निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल का है, जहां भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली है। दूसरा बड़ा बदलाव तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां महज दो साल पहले गठित राजनीतिक पार्टी ने चुनावी जीत दर्ज की है और विजय हीरो के रूप में उभरे हैं। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाम मोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता को, 'लाल किले' को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नए राजनीतिक दौर की शुरुआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा 'परिवर्तन की प्रतीक' बनकर उभरी है।

भाजपा ऐसे राज्य में सत्तारूढ़ हो रही है, जहां वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'जनसंघ' के दिनों से प्रयास कर रही थी। बंगाल ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी नीतियों तथा सूक्ष्म,माइक्रो स्तर पर काडर की रणनीति को जनादेश दे ही दिया। मतगणना के अंतिम आंकड़ों से साफ है कि पश्चिम बंगाल में जनादेश कितना ऐतिहासिक और प्रचंड है। असम में भी भाजपा की सत्ता बरकरार रही है, क्योंकि लगातार तीसरी बार उसे जनादेश हासिल हो रहा है। तमिलनाडु ने चौंकाया है। वहां सत्तारूढ़ रही द्रमुक के खिलाफ जनादेश दिया गया है और सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। दूसरे स्थान पर सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके रही। वहीं अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन तीसरे स्थान पर रहा। तमिलनाडु की राजनीति में सबसे बड़ा उलटफेर वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का हार जाना रहा। जाहिर है, उदयनिधि के सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयानों ने राजनीतिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की तरह तमिलनाडु में भी विश्वविद्यालयों से जुड़े दुष्कर्म के मामलों ने सुर्खियां बटोरीं। तमिलनाडु में दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के लिए टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा। इस चुनावी नतीजे के साथ ही डीएमके के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है, मुख्य रूप से विजय की पार्टी टीवीके के उभार के कारण। यह स्थिति 1996 के विपरीत है, जब डीएमके को 173 सीटों के साथ भारी जीत मिली थी। डीएमके की उस जीत में रजनीकांत का समर्थन महत्वपूर्ण था, लेकिन आज परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। चार माई का जनादेश तमिलनाडु के 39 सांसदों के लिए भी एक जनमत संग्रह जैसा है-क्या उन्होंने आठ करोड़ तमिलों के विकास के लिए पर्याप्त काम किया? केरलम में वाम मोर्चे की लगातार 10 साल की सत्ता के बाद इस बार जनता ने उसे भी बदल दिया है और कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ को जनादेश दिया है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दुःस्वप्न ही साबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिरी गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का नतीजा अपेक्षा के अनुरूप ही रहा। वहां एनडीए ने अच्छा प्रदर्शन किया और भाजपा तथा एनआर कांग्रेस के



गठबंधन को जनता का समर्थन मिला। पुडुचेरी में अमित शाह के लगातार दौरे ने भी एनडीए के पक्ष में माहौल बनाया। देश में सबसे ज्यादा चर्चा पश्चिम बंगाल के नतीजों की है। मोदी-शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सफलता को 'परफॉर्मेंस की राजनीति' की जीत बताते हुए कहा कि आज बंगाल के भाग्य में एक नया और भयमुक्त अध्याय जुड़ गया है। इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिए भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल, भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल, विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। निस्संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए। विश्वास करें कि नई सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। ममता बनर्जी के लिए यह बहुत बड़ी हार है। अगर वह चौथी बार चुनाव जीततीं, तो प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार होतीं, लेकिन भ्रष्टाचार और आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले ने उनकी छवि कमजोर की। हिंदी भाषी न होने के कारण ममता बनर्जी के लिए आने वाले समय बेहद चुनौती भरे हैं। अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआईआर को जिम्मेदार ठहरा सकती हैं, पर ऐसे में, कामकाज की उनकी शैली और भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठेंगे। वह याद रखना चाहिए कि पहले वह एनडीए में थीं और वाजपेयी सरकार में रेल मंत्री रह चुकी थीं। हालांकि यह मानना कठिन है कि वह फिर से एनडीए के साथ अपने रिश्ते सुधारेंगी। बंगाल में हार के साथ ही 2029 के लोकसभा चुनाव में उनकी लड़ाई कठिन हो गई है। ममता के लिए अपने 39 लोकसभा सांसदों पर नियंत्रण बनाए रखना भी कठिन होगा। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की चूंकि 42 सीटें हैं, लिहाजा यह चुनाव जीतकर भाजपा ने 2029 में अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। चार माई के चुनाव परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि डिजिटल क्रांति अपने चरम पर है। अब सोशल मीडिया टेलीविजन के बराबर या उससे भी अधिक प्रभावशाली हो चुका है।

( लेखक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। )

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

महेन्द्र तिवारी



# गीत, ज्ञान और मानवता के कवि रवींद्रनाथ टैगोर

रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था और यह तिथि भारतीय इतिहास और संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। बंगाली परंपरा में उनकी जयंती वैशाख महीने के 25वें दिन (पचीशे बैसाख) को मनाई जाती है, जो हर वर्ष ग्रेगोरियन कैलेंडर में अलग तिथि पर आती है, परंतु 2026 में यह 7 मई को ही पड़ रही है। यह संयोग केवल तिथियों का मेल नहीं है, बल्कि यह उस सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक है, जिसमें समय बदलता है पर मूल्य स्थिर रहते हैं। टैगोर का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था जो साहित्य, कला और सामाजिक चेतना का केंद्र था, और यही परिवेश उनके व्यक्तित्व के निर्माण में निर्णायक सिद्ध हुआ। रवींद्रनाथ टैगोर को विश्वकवि कहा जाता है और यह उपाधि केवल सम्मान नहीं बल्कि उनकी रचनात्मकता की व्यापकता का प्रमाण है। 1913 में उन्हें उनकी काव्य रचना गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, जिससे वे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले गैर यूरोपीय बने। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की महत्वपूर्ण घटना थी, बल्कि यह भारतीय साहित्य के वैश्विक स्वीकार का भी क्षण था। गीतांजलि में निहित आध्यात्मिकता, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय भावनाओं की गहराई ने दुनिया भर के पाठकों को प्रभावित किया। उनकी भाषा सरल होते हुए भी गहन थी और उनके विचार सीमाओं से परे जाकर मानवता की एकता की बात करते थे। टैगोर की सबसे विशिष्ट पहचान यह है कि उनकी रचनाएं दो देशों के राष्ट्रगान बनीं। भारत का जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला उनकी ही काव्य प्रतिभा के उदाहरण हैं। यह तथ्य उन्हें विश्व साहित्य में एक अनूठा स्थान देता है, क्योंकि ऐसा उदाहरण अन्यत्र नहीं मिलता। उनकी रचनाओं में देशभक्ति का स्वर था, परंतु वह संकीर्ण राष्ट्रवाद से परे था। वे मानवता को किसी एक देश या सीमा में बांधकर नहीं देखते थे, बल्कि उनकी दृष्टि वैश्विक थी। वे मानते थे कि सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो मानवता का सम्मान करे और सभी के लिए समान अवसर और सम्मान की बात करे। संगीत के क्षेत्र में भी टैगोर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने रवींद्र संगीत की परंपरा को विकसित किया जिसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत और लोकधुनों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उनके गीतों में भावनाओं की गहराई, प्रकृति के प्रति प्रेम और जीवन के विभिन्न रंगों का चित्रण मिलता है। आज भी उनके गीत बंगाल और पूरे भारत में गाए जाते हैं और उनकी लोकप्रियता समय के साथ और बढ़ी है। उनके द्वारा रचित धुनें केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि वे आत्मा को छूने वाली अनुभूति प्रदान करती हैं। टैगोर का दृष्टिकोण केवल साहित्य और संगीत तक सीमित नहीं था, बल्कि वे एक महान शिक्षाविद और दार्शनिक भी थे। उन्होंने शांतिनिकेतन की स्थापना इस उद्देश्य से की कि शिक्षा प्रकृति के सान्निध्य में दी जाए और विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से सोचने और सीखने का अवसर मिले। बाद में यही संस्थान विश्व भारती विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ, जो आज भी उनके आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। उनका मानना था कि शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के भीतर की संवेदनशीलता, रचनात्मकता और नैतिकता को विकसित करने का साधन है। वे शिक्षा को जीवन से जोड़कर देखते थे और चाहते थे कि विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित न रहें बल्कि प्रकृति और समाज से भी सीखें। उनके विचारों में मानवतावाद की गहरी भावना थी। वे राष्ट्रवाद के अंधानुकरण के विरोधी थे और मानते थे कि यदि राष्ट्रवाद मानवता के विरुद्ध हो जाए तो वह विनाशकारी बन सकता है। उनके लेखन में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि वे विश्व शांति, सहिष्णुता और भाईचारे के पक्षधर थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों और असमानताओं पर भी तीखा प्रहार किया। उनके उपन्यास, कहानियां और नाटक समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करते हैं और पाठकों को सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे कवि, लेखक, संगीतकार, चित्रकार और दार्शनिक सभी कुछ थे। टैगोर केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक जीवित प्रेरणा हैं, जिनकी रचनाएं और विचार आज भी हमें बेहतर मनुष्य बनने की ओर प्रेरित करते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सृजन, संवेदना और शिक्षा के माध्यम से हम दुनिया को अधिक सुंदर और मानवीय बना सकते हैं।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। )

# क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित

दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है, वह है ऐसा कुछ होना जो हम नहीं चाहते और जिसे हम भुला नहीं पाते।

# भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित

प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नहीं देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होंने हमें बिना मांगे सब कुछ दिया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विकास के लिए हुआ बंपर मतदान

हाल ही में देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम इसलिए अलग सा था, क्योंकि पश्चिम बंगाल में आजादी के बाद भाजपा को पहली बार यहां विधानसभा चुनाव में प्रचंड रूप से जीत हासिल हुई। इस जीत ने एक बात तो यह भी साफ कर दी कि मतदाता अब धर्म और जाति को नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के विकास को ध्यान में रखकर अपने कीमती मत का प्रयोग करने लगा है। पश्चिम बंगाल में इस बार मुस्लिम वोट भाजपा को कम नहीं मिले होंगे, तभी तो भाजपा को यहां इतनी बड़ी जीत हासिल हुई। बंगाल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में जय श्री राम के नारे लग रहे थे, लेकिन ममता बनर्जी ने उनका विरोध किया था, जबकि राम तो सभी के हैं। - *प्रतीक अग्रवाल, डोंगरगढ़*

## ट्रेंड

### एफआरपी स्वीकृत

मोदी सरकार ने गन्ना किसानों के हित में 365 रुपये प्रति क्विंटल का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) स्वीकृत किया है। इससे 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों को लाभ मिलेगा। -*अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री*



### जनादेश की भावना

बंगाल में लोकतंत्र को बंदूक की नोक पर रखा जा रहा है और चुनावी नतीजों को मानने से इनकार करना इस वास्तविकता को स्पष्ट कर देता है। ममता ऑफिशियल द्वारा जनादेश की भावना को स्वीकार करने से इनकार करना एक गंभीर प्रश्न उठाता है। - *धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री*



### अंत्योदय गृह योजना

जनता की सरकार ओडिशा के हर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। अंत्योदय गृह योजना के माध्यम से, हर मजबूत घर के साथ एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण हो रहा है। यह सिर्फ एक घर नहीं है; इसके साथ ही विश्वास, आस्था और नई उम्मीद की शुरुआत भी हो रही है। - *मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा*



### सरकार का झूठ उजागर

राजस्थान में सत्ताधारी दल के विधायक भी अब सरकार के दावों में छिपे झूठ को उजागर कर रहे हैं। जोधपुर से भाजपा विधायक प्रताप सिंघवी का कहना कि "आंगनवाड़ी के लिए तैयार पोषक तत्वों को जानवर भी नहीं खाएंगे," बेहद चिंताजनक है। - *अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान*



## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतीय मूल के कंपनी निदेशक पर जुर्माना



सिंगापुर की एक कंपनी के भारतीय मूल के निदेशक को यहां की एक अदालत ने अक्टूबर 2018 और फरवरी 2024 के बीच एक पोर्श सहित आयातित वाहनों के मूल्य को कम बताने से संबंधित विभिन्न अपराधों के लिए 10 लाख सिंगापुर डॉलर (785,314 अमेरिकी डॉलर) से अधिक का जुर्माना लगाया है और दो महीने की जेल की सजा सुनाई है। कार कंपनी 'कॉनकॉर्डिया' के निदेशक थियागराजन सुभाष इंद्रजीत ने सीमा शुल्क अधिनियम के तहत नौ आरोपों को स्वीकार किया, जिसमें 34 आयातित वाहनों पर 161,251 सिंगापुर डॉलर से अधिक मूल्य के शुल्क की चोरी करने का आरोप भी शामिल है। सजा सुनाते समय 10 अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया जिनमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और जीएसटी बचाने के लिए धोखाधड़ी करने और झूठी जानकारियां देना शामिल हैं। सिंगापुर सीमा शुल्क और भूमि परिवहन प्राधिकरण (एलटीए) ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि 24 अप्रैल को उसे सजा सुनाई गई। सिंगापुर निवासी 59 वर्षीय सुभाष इंद्रजीत को सीमा शुल्क संबंधी अपराधों के संबंध में जुर्माना अदा करने के लिए 25 मई तक का समय दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर उसे 12 महीने और दो सप्ताह की जेल की सजा भुगतनी होगी।

## ऑफ बीट

# कोआला की नई जीवाश्म प्रजाति का पता चला

वर्ष 2024 में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियन म्यूजियम को मार्गरेट रिवर की मूनडाइन गुफा से अन्वेषक लिंडसे हैथर द्वारा खोजा गया कोआला की खोपड़ी का एक नमूना दिया गया। इस खोपड़ी में कुछ असामान्य था, जिसे शोधकर्ताओं ने पहचान लिया। इस कोआला की खोपड़ी पर गड्ढेनुमा निशान थे। कोआला ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर प्रमुख रूप से पाए जाते हैं, लेकिन वर्तमान में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में लगभग विलुप्त हैं। हालांकि जीवाश्म साक्ष्य बताते हैं कि कोआला कभी पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के कई हिस्सों में रहते थे, जिनमें मार्गरेट रिवर से लेकर उत्तर में यान्चेप और पूर्व में मदुरा तक के क्षेत्र शामिल हैं। रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में आज प्रकाशित एक नए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के ये कोआला आधुनिक कोआला की भटकी हुई आबादी नहीं थे, बल्कि एक अलग प्रजाति थे, जिसके बारे में एक सदी से अधिक समय तक किसी को पता नहीं चला। ज्ञात कोआला से अलग पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में कोआला के जीवाश्म पहली बार 1910 में मार्गरेट रिवर के पास मैमथ गुफा में मिले थे। हालांकि लगभग एक सदी तक अधिकतर नमूने अलग-अलग जबड़ों और दांतों तक सीमित रहे।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पवन खेड़ा बोले- जिन सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर के तहत काटे गए नामों की संख्या से कम, वहां पुनर्मतदान हो, सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान ले

# कांग्रेस का दावा- भाजपा ने पश्चिम बंगाल में धांधली कर करीब 100 सीटें जीतीं

## असम चुनाव में हुई धांधली का मुद्दा भी उठाया, कहा- भाजपा ने मतदाता सूची में हेरफेर, एसआईआर और परिसीमन के जरिए पूरी चुनावी प्रक्रिया को कब्जे में लिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने भाजपा पर असम और पश्चिम बंगाल में चुनावी धांधली, मतदाता सूची में हेरफेर, एसआईआर तथा परिसीमन के जरिए चुनावी प्रक्रिया प्रभावित करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने चुनाव आयोग की मिलीभगत से करीब 100 सीटों पर धांधली कर जीत हासिल की है।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया और पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर के तहत काटे गए मतदाताओं की संख्या से कम है, वहां दोबारा मतदान होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर मतदाताओं को उनके वोट का अधिकार फिर से देगा। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकतांत्रिक संकट के समय तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।



उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी धांधली को लेकर तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में स्पष्ट सैद्धांतिक रुख लिया है। उन्होंने बताया कि साजिश के तहत पश्चिम बंगाल में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दौरान चुनावी सूचियों से 91 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए, जबकि 27 लाख नागरिकों को किसी भी ट्रिब्यूनल के सामने अपनी बात रखने का बुनियादी प्रक्रियात्मक अधिकार भी नहीं दिया गया।

पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजों के बाद हो रही हिंसा पर पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा जीत की खुशी नहीं मना रही, बल्कि गुंडागर्दी कर रही है। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों के दफ्तर जलाए जा रहे हैं, उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं पर हमले किए जा रहे हैं, दुकानें तोड़ी जा रही हैं और डीजे सिस्टम पर अश्लील गाने बजाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पद के अनुरूप आचरण करना चाहिए और हिंसा रोकनी चाहिए। खेड़ा ने कहा कि भाजपा ने मुस्लिम वोटरों को ठुकराया तो मुस्लिम वोटरों ने भाजपा को ठुकरा दिया। ऐसे में जब मुसलमानों ने कांग्रेस जैसी धर्मनिरपेक्ष पार्टी को वोट दिया तो भाजपा को उसमें भी शिकायत होने लगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर का संविधान ऐसी सोच और राजनीतिक संस्कृति की इजाजत देता है? उन्होंने भाजपा पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि देशभर में कांग्रेस के 664 विधायकों में से 78 प्रतिशत हिंदू हैं और 12 प्रतिशत मुस्लिम हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आबादी के अनुसार सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देती आई है, जबकि भाजपा देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं समेत हर वर्ग को कमजोर करना चाहती है।खेड़ा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी को बहुमत नहीं मिलने के बाद चुनावी व्यवस्था को ध्वस्त करने की साजिश रची गई। उन्होंने याद दिलाया कि राहुल गांधी पहले ही हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक जैसे राज्यों में मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी के मुद्दे उठा चुके हैं। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पांच महीने में 40 लाख नए मतदाता जोड़े गए, जबकि बंगाल और असम में लाखों मतदाताओं के नाम लिस्ट से हटा दिए गए, जो भाजपा के पारंपरिक मतदाता नहीं माने जाते हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव आयोग की मदद से मतदाता सूची में हेरफेर, एसआईआर और परिसीमन के जरिए पूरी चुनावी प्रक्रिया को अपने कब्जे में ले लिया गया है।भाजपा के चुनावी मॉडल पर कटाक्ष करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि जहां-जहां कीचड़ फैलाया गया, वहीं कमल खिला। उन्होंने कहा कि दक्षिण के राज्यों जैसे तमिलनाडु और केरल में यह कीचड़ नहीं फैल पाया, इसलिए वहां भाजपा सफल नहीं हुई।

**खबर संक्षेप**

### पवन खेड़ा ने हिमंत सरमा को 'दोस्त' कहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और हिमंत बिस्वा सरमा के बीच हाल में हुआ विवाद सुर्खियों में रहा है।



लेकिन, सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद पवन खेड़ा जब पहली बार कांग्रेस के आधिकारिक प्रेस कांफ्रेंस में आए तो उनके सुर ही बदले हुए लग रहे थे। बिना नाम लिए असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को अपना 'दोस्त' भी बताने की कोशिश की। पवन खेड़ा ने उन आरोपों पर भी सफाई देने की कोशिश की है कि असम में कांग्रेस के जो 19 उम्मीदवार जीते हैं, उनमें 18 मुसलमान ही क्यों हैं।

### महिला पुलिस कमिश्नर ने मनचलों को पकड़ा

**अमरावती।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मल्काजगिरि पुलिस कमिश्नर बी. सुमति ने देर रात



करीब 2 बजे अकेले बस स्टॉप पर खड़ी रहीं और मनचलों को जाल में फंसाया। इस दौरान करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया। दिलसुखनगर बस स्टॉप के आसपास हॉस्टल क्लस्टर होने के चलते रात में महिला यात्री अक्सर नशे में धुत लोगों का शिकार बनती थीं। सुमति ने देर रात से सुबह 3 बजे तक वे सामान्य महिला यात्री बनकर बस स्टॉप पर खड़ी रहीं और उनको अश्लील बातें कहने वाले 40 मनचलों को पकड़ा।

### इमारत में आग से बच्ची समेत 3 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार तड़के एक रिहायशी इमारत में भीषण आग



लगने से एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और करीब 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, आग सुबह करीब 4 बजे लक्ष्मीसागर इलाके स्थित बसंती विला अपार्टमेंट की ग्राउंड फ्लोर पर लगी। देखते ही देखते आग और धुआं पूरे भवन में फैल गया।

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू

# 9 मई को भाजपा का भव्य समारोह, ब्रिगेड ग्राउंड में होगा आयोजन, दो दर्जन मंत्री भी लेंगे शपथ

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शपथ समारोह में प्रधानमंत्री, एनडीए व भाजपा के सभी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे।

दो दर्जन मंत्री भी शपथ लेंगे। शपथग्रहण समारोह बंगाली पंचांग के बैसाख महीने के 25वें दिन आयोजित किया जाएगा जिसे पूरे राज्य में रवींद्र जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। इससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता की झलक नजर आएगी।

राजनीतिक हलकों में इस तारीख के चयन को भाजपा द्वारा बंगाल की सांस्कृतिक परिकल्पना में अपने ऐतिहासिक उदय को स्थापित करने और तृणमूल कांग्रेस द्वारा इसे बंगाल की भाषाई एवं बौद्धिक लोकाचार से अलग 'बाहरी लोगों की पार्टी' बताए जाने का मुकाबला करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

पीएम सहित भाजपा के सभी सीएम होंगे शामिल

8 मई की शाम को विधायक दल की बैठक होगी



कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में जोर-शोर से आयोजन की तैयारियां हो रहीं

### पश्चिम बंगाल की जनता ने पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह पर भरोसा जताया:बिप्लब

भाजपा की जीत के बाद बंगाल से दिल्ली पहुंचे बिप्लब देब का हरियाणा और दिल्ली के कार्यकताओं ने किया अभिनंदन

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भाजपा को पहली बड़ी जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले पश्चिम बंगाल के चुनाव सह प्रभारी एवं सांसद व त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने दिल्ली पहुंचकर नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें इन



परिणामों पर कोई आश्चर्य नहीं है, क्योंकि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता भी प्रधानमंत्री पर विश्वास करती है और भाजपा की यह जीत इसी विश्वास का परिणाम है।भाजपा नेता बिप्लब देब ने कहा कि साल 2021 में भी भाजपा सरकार बनने की स्थिति थी, लेकिन कोविड काल का बहाना बनाकर लोगों को वोट देने से टीएमसी सरकार द्वारा रोका गया। इस बार परिस्थितियां अलग रहीं और जनता ने खुलकर अपना फैसला दिया। पूरे देश की तरह पश्चिम बंगाल की जनता ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर विश्वास जताया और बीजेपी की प्रचंड जीत हुई। उन्होंने चुनाव आयोग की सराहना और धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी वजह से रिकॉर्ड मतदान संभव हो पाया और जनता की वास्तविक राय सामने आई। बिप्लब देब ने केंद्र और राज्य में एक जैसी सरकार का दावा करते हुए कहा कि करीब 50 वर्षों बाद केंद्र और बंगाल में एक ही विचारधारा की सरकार बनी है, जो राज्य के विकास के लिए बड़ा अवसर है। बंगाल के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अपार संभावनाएं हैं और इसे एक शक्तिशाली राज्य बनाना जरूरी है। बंगाल की क्षमता पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकती है। देब के बयान से साफ है कि भाजपा इस जीत को जनता के भरोसे और मजबूत लोकतांत्रिक प्रक्रिया का परिणाम मान रही है, और अब बीजेपी का फोकस बंगाल के विकास पर रहेगा।

### टीएमसी जैसा व्यवहार ना करें, सयंम रखें भाजपा कार्यकर्ताः सुकांत मजूमदार

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने टीएमसी कार्यालयों पर कथित हमलों के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं से संयम रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपना चरित्र बनाए रखना चाहिए और रावण बनने से बचना चाहिए।



बंगाल में हिंसा की घटनाओं पर केंद्रीय मंत्री सुकांत ने दी भाजपा कार्यकर्ताओं को नसीहत

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक माहौल लगातार तनावपूर्ण बना हुआ है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस इन मामलों में कार्रवाई करेगी। उन्होंने दोहराया कि भाजपा को अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना चाहिए। मजूमदार ने कहा कि वे भगवान राम के अनुयायी हैं। उन्हें रावण की तरह व्यवहार नहीं करना चाहिए। भाजपा को भाजपा ही रहना होगा। सुकांत मजूमदार ने साफ कहा कि भाजपा को अपनी राजनीतिक पहचान बनाए रखनी चाहिए और किसी भी परिस्थिति में हिंसा का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए। मजूमदार ने कहा कि लोगों ने टीएमसी को अस्वीकार कर दिया है, इसलिए भाजपा को उनके जैसा आचरण नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगातार अत्याचार हुए हैं। हालांकि, उन्होंने कार्यकर्ताओं से धैर्य रखने का आग्रह किया। हाल ही में पश्चिम बंगाल के आसनसोल और हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस के दफ्तरों पर तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन घटनाओं में फर्नीचर, पोस्टर और झंडे तक नुकसान पहुंचाया गया। इसके अलावा कूचबिहार में भी राजनीतिक टकराव की स्थिति देखने को मिली, जहां दोनों दलों के समर्थकों के बीच तनाव बढ़ा। बंगाल चुनाव परिणामों के बाद राज्य में सत्ता परिवर्तन के साथ ही राजनीतिक संघर्ष तेज हो गया है। टीएमसी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, जिससे कई इलाकों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## तमिलनाडु में कांग्रेस के समर्थन से बनेगी टीवीके सरकार, डीएमके ने इंडी अलायंस से नाता तोड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलोअप

कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मांग पर मुहर लगा दिया। कांग्रेस, टीवीके गठबंधन की सरकार तमिलनाडु में बनेगी। कांग्रेस के टीवीके के साथ जाने के फैसले से नाराज डीएमके ने विपक्षी गठबंधन से खुद को अलग कर लिया। दशकों पुराना डीएमके का साथ कांग्रेस से छूटा तो सुबाई सियासत में कांग्रेस को नया नेवला साथी टीवीके नेता विजय के रूप में मिला।

डीएमके नेता एमके स्टालिन नहीं चाहते थे कि कांग्रेस टीवीके को पनपने का मौका दे। उन्हें इस बात का इल्म है कि बतौर फिल्मी सुपरस्टार विजय की प्रसिद्धि जिस तरह से उन्हें महज तीन साल में सीएम की कुर्सी तक पहुंचाने में सफलता दिलाई है उसी तरह अगर कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी का साथ टीवीके को मिला तो डीएमके का भविष्य खतरे में पड़ सकता है!

मगर कांग्रेस नेतृत्व ने तमिलनाडु में साथी बदलने का निर्णय करते हुए विजय के साथ जाने का फैसला किया। कांग्रेस विधायक दल के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने टीवीके के साथ जाने का फैसला किया। जिस पर शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली में मुहर लगा दिया। इस फैसले के पहले जबरदस्त रस्साकसी कांग्रेस के भीतर मची। एक वर्ग चाहता था डीएमके के साथ रहा जाए जबकि दूसरा धड़ा, बदलते राजनीतिक परिदृश्य में टीवीके के साथ जाने की पैरवी कर रहा था।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने हरिभूमि को बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पी. चिदंबरम जैसे नेता टीवीके के साथ जाने के फैसले के पक्ष में नहीं थे। उनका मानना था कि जल्दबाजी में निर्णय लेने के बजाए पुराने साथी डीएमके को पहले विश्वास में लेना चाहिए। मगर, बड़े नेताओं के किंतु - परंतु की धराशाई करने में राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले डेटा विश्लेषक प्रवीण चक्रवर्ती, के सी वेणुगोपाल और तमिलनाडु के सभी वरिष्ठ नेताओं ने सफलता पाई। सभी ने एक सुर में टीवीके के साथ जाने का फैसला तुरंत लेने की जरूरत पर बल दिया। और फैसला हो गया। इससे पहले टीवीके की ओर से खुद विजय और उनके पिता ने कांग्रेस नेतृत्व से समर्थन का आग्रह किया था। सरकार के आकार प्रकार और मंत्रिमंडल में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देने के बाद विजय बतौर मुख्यमंत्री तमिलनाडु के राजनीतिक इतिहास में नई इबारत लिखेंगे।

### राज्यपाल से मिले विजय, सरकार बनाने का दावा

तमिलनाडु विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने आज लोकभवन में जाकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। लेकिन लोकभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल विजय के बहुमत वाले दावे से संतुष्ट नहीं है। इसी बीच 16वीं तमिलनाडु विधानसभा को 5 मई 2026 से भंग करने का निर्णय लिया गया। एआईएडीएमके ने टीवीके को समर्थन से इनकार किया है।

सांसद सैलजा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

## हरियाणा में स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार का बोलबाला, बुनियादी सुविधाएं नदारदः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार स्थानीय स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। शहरों को गंदगी का डिब्बा बनाकर छोड़ दिया गया है। सैलजा ने कहा कि धारूहेड़ा के लोग लंबे समय से परेशान और दुखी हैं। आखिर धारूहेड़ा ने ऐसा कौन-सा दोष किया है कि पड़ोसी क्षेत्रों की गंदगी यहां डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश, केंद्र और स्थानीय स्तर पर भाजपा की सरकार होने के बावजूद धारूहेड़ा की जनता के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। लोगों को हर स्तर पर ठगा गया है। सांसद ने विश्वास जताया कि निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार को जनता प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएगी। भाजपा शासन में जो स्थानीय विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं, उन्हें कांग्रेस के नेतृत्व में मिलकर तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार स्थानीय निकायों की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह असफल रही है। शहरों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

## चुनाव प्रक्रिया को डिजिटली ऐसे मजबूत किया चुनाव आयोग ने, 'ईसीआइनेट' ऐप लॉन्च के बाद सुपरहिट हो रहा है साबित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा विकसित अत्याधुनिक आईटी प्लेटफॉर्म ईसीआइनेट ने इस साल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों में पारदर्शिता, गति और सुरक्षा के नए मानक स्थापित किए हैं। आयोग के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया गया कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म ने चुनावी प्रक्रिया को अधिक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी बनाने में केंद्रीय भूमिका निभाई। जनवरी 2026 में आधिकारिक लॉन्च के बाद से ईसीआइनेट ऐप को जनता और प्रशासनिक तंत्र से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। अब तक इस ऐप को 10 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। इससे पहले इसका बीटा संस्करण नवंबर 2025 में बिहार चुनावों में सफलतापूर्वक उपयोग किया गया था। चुनाव के दौरान इस ईसीआइनेट की उपयोगिता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। मतदान दिवस (9, 23 और 29 अप्रैल) पर




इस प्लेटफॉर्म पर कुल 98.3 करोड़ से अधिक हिट दर्ज किए गए। वहीं, 4 मई 2026 को मतगणना के दिन यह आंकड़ा औसतन 3 करोड़ हिट प्रति मिनट तक पहुंच गया, जो इसकी व्यापक उपयोगिता और विश्वसनीयता को दर्शाता है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी ईसीआइनेट ने मजबूत प्रदर्शन किया। मतगणना के दिन देश और विदेश से आए 68 लाख से अधिक साइबर हमलों को सफलतापूर्वक विफल किया गया। ये हमले चुनाव परिणाम पोर्टल सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म्स को निशाना बना रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए इस बार पहली बार क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र प्रणाली लागू की गई।

इसके तहत देशभर के मतगणना केंद्रों पर 3.2 लाख से अधिक क्यूआर कोड जारी किए गए, जिससे केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश मिल सका और किसी भी प्रकार की अनधिकृत गतिविधि पर प्रभावी रोक लगी। चुनाव आयोग के इस डिजिटल प्रयास ने न केवल चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज बनाया, बल्कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत की क्षमता को प्रदर्शित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में ईसीआइनेट जैसे प्लेटफॉर्म भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

आम जनता की दूर हुई आशंका

## पेट्रोल-डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों में नहीं होगी बढ़ोतरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल को लेकर राहत बड़ी खबर सामने आई है। घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया है और न ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के संबंध में, घरेलू इस्तेमाल वाले कुकिंग एलपीजी सिलिंडरों री कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हालिया संशोधन केवल कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों पर लागू होता है। इसके अलावा फ्यूल स्टेशनों पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### 100% एलपीजी आपूर्ति के प्रयास जारीः सुजाता शर्मा




सुजाता शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण हमारे आयात पर असर पड़ा है, चाहे वह एलपीजी हो, कच्चा तेल हो या प्राकृतिक गैस। हालांकि, भारत सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के लिए एलपीजी की 100 प्रतिशत घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही, कमर्शियल उपयोगकर्ताओं को भी 70 प्रतिशत तक आपूर्ति करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### विश्व में एलएनजी की कीमतें बढ़ी

आपूर्ति बाधाओं के कारण वैश्विक स्तर पर एलएनजी की कीमतें तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। अप्रैल 2026 में स्पॉट एलएनजी की कीमतें 17 से 18 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक बढ़ गई हैं, जो पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले 10 से 11 डॉलर के स्तर पर थीं। बीच में कीमतों ने 22 डॉलर का स्तर भी छुआ था। इस मूल्य वृद्धि और आपूर्ति में कमी का सीधा असर भारत की गैस खपत पर पड़ा है।

पीएम मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह को करेंगे संबोधित

# 182 देशों के प्रतिभागी आध्यात्मिक आंदोलन के साक्षी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएम नरेंद्र मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 10 मई को 'आर्ट ऑफ लिविंग' के अंतरराष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे। मानवीय एवं आध्यात्मिक आंदोलन के साढ़े चार दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस वैश्विक समागम में 182 से अधिक देशों के प्रतिभागी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होंगे। यह आयोजन समाज के हर वर्ग राजनेताओं, सिविल सेवकों, किसानों, इंजीनियरों, गृहिणियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर लाएगा, जो गुरुदेव के दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन के वैश्विक प्रभाव का एक अनूठा उत्सव होगा।

*कई गोलमेज चर्चा और शिखर सम्मलेन का आयोजन होगा*

*13 मई को गुरुदेव रविशंकर के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी*



पीएम मोदी और गुरुदेव रविशंकर फाइल फोटो

### 'ध्यान मंदिर' कक्ष का उद्घाटन करेंगे पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी परिसर में नव-निर्मित 'ध्यान मंदिर' एक विशेष ध्यान कक्ष का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही, वे मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों का भी शुभारंभ करेंगे। बता दें, वर्ष 1981 में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर द्वारा स्थापित 'आर्ट ऑफ लिविंग' आज एक वैश्विक, स्वयंसेवक-आधारित मानवीय और शैक्षिक संगठन बन चुका है। 182 देशों में सक्रिय यह संस्था 'सुदर्शन क्रिया' जैसी परिवर्तनकारी श्वास तकनीकों और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी अग्रणी ठोस पहलों के माध्यम से अब तक 100 करोड़ से अधिक जीवन को स्पर्श कर चुकी है।

### *सांस्कृतिक महोत्सव का होगा आयोजन*

*इस अवसर पर 182 देशों की विविध संस्कृतियों को प्रस्तुत करते हुए संगीत, नृत्य और कलात्मक अभिव्यक्तियों से सुसज्जित सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नागरिक समाज में नैतिकता पर केंद्रित वैश्विक नेतृत्व संवाद और शिखर सम्मेलन का भी आयोजन होगा। 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में 'विश्व शांति हेतु वैश्विक ध्यान' सभी के लिए निःशुल्क और विश्वभर में सीधा प्रसारित किया जाएगा। भारत के 450 से अधिक जिलों में कार्यरत अनसुने दैनिक नायकों को सम्मानित किया जाएगा। 25-26 मई को 'बंदी कल्याण और नीतिगत सुधार' पर विशेष गोलमेज चर्चा होगी*

### *बिम्सटेक देशों के युवाओं का सम्मेलन*

*भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 'बिम्सटेक युवा नेतृत्व आदान-प्रदान', जिसमें सभी सात बिम्सटेक देशों के युवा नेता 'आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर' में केंद्रित नेतृत्व प्रशिक्षण (लीडरशिप इमर्शन) हेतु एकत्र होंगे।*

# रिलायंस फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल पहुंच बढ़ाने को शुरू की 200 करोड़ की मुहिम




**मुंबई/नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 'शीकनेक्ट्स डिजिटल एक्सेलेरेटर' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। 200 करोड़ रुपये की इस पहल का उद्देश्य भारत और सब-सहारा अफ्रीका में महिलाओं और लड़कियों तक डिजिटल तकनीक की पहुंच और उसके उपयोग को बढ़ावा देना है।अगले तीन वर्षों में यह कार्यक्रम ऐसे स्थानीय और प्रभावी डिजिटल समाधानों को पहचानने और उन्हें बड़े स्तर तक पहुंचाने पर काम करेगी, जो महिलाओं की जिंदगी और आजीविका को बेहतर बनाने में मदद कर सकें।रिलायंस फाउंडेशन भारत में इस कार्यक्रम के तहत ऐसे डिजिटल समाधानों को आगे बढ़ाएगा, जो पहले से असरदार साबित हुए हैं। वहीं गेट्स फाउंडेशन के साथ मिलकर भारत और सब-सहारा अफ्रीका के बीच अनुभव और सीख साझा करने पर भी जोर दिया जाएगा। इस मौके पर रिलायंस फाउंडेशन की चीफ - वीमेन एम्पावरमेंट, एन. दीप्ति रेड्डी ने कहा कि महिलाओं को डिजिटल दुनिया में पूरी भागीदारी के लिए जरूरी साधन और आत्मविश्वास देना बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है।

## रुपया 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बुधवार को 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है। रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए आरबीआई मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक 'अप्रत्यक्ष' रणनीति भी अपना रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95 पर खुला।

## सेबी ने 'महत्वपूर्ण सूचकांक' के निर्धारण के लिए पेश की रूपरेखा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने महत्वपूर्ण सूचकांक के निर्धारण के मामले में मंगलवार को एक नई रूपरेखा पेश की। इसके तहत किसी भी सूचकांक को उस समय 'महत्वपूर्ण सूचकांक' माना जाएगा, जब उसे ट्रैक करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं का दैनिक औसत संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) पिछले छह महीनों में लगातार 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि इस कदम का उद्देश्य सूचकांक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है। परिपत्र के मुताबिक, सूचकांक वर्गीकरण की यह सीमा प्रत्येक वर्ष 30 जून और 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली छमाही आधार पर आंकी जाएगी। नियामक ने स्पष्ट किया कि एक बार किसी सूचकांक को 'महत्वपूर्ण' श्रेणी में शामिल कर दिया गया तो वह इसमें बना रहेगा, जब तक कि उसका एयूएम लगातार तीन वर्षों तक निर्धारित सीमा से नीचे नहीं चला जाता। सेबी ने कहा कि सूचीबद्ध प्रतिभूतियों पर आधारित सूचकांक को तब 'महत्वपूर्ण सूचकांक' माना जाएगा। जब वह म्यूचुअल फंड योजनाओं में छह महीने की अवधि के दौरान तय एयूएम मानदंड को पूरा करता है। यह कदम सेबी (सूचकांक प्रदाता) विनियम, 2024 के लागू होने के बाद आया है।

### अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने जारी की रिपोर्ट

# रुपया 2026 के अंत तक करीब 95 प्रति डॉलर के आसपास रहेगा : बीएमआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रुपया ईरान संघर्ष के दबाव के बीच 2026 के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के आसपास सीमित दायरे में बना रह सकता है। वर्तमान में रुपया करीब 95.20 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि मुनाफे की धीमी वापसी (रिपैट्रिएशन) और केंद्रीय बैंक का मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप रुपये में गिरावट की गति को सीमित करेगा।

अमेरिका-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला है। खासकर भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देशों पर। मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ और फिलहाल 95.20 प्रति डॉलर के स्तर पर है। बीएमआई के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत और महंगाई दर 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**अमेरिकी-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला** ▸ **भारत जैसे सबसे बड़े ऊर्जा आयातक देश पर इसका ज्याद असर** ▸ **मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ**



### रुपया सीमित दायरे में कारोबार करेगा

रुपये की कमजोरी से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप कर इसे स्थिर रखने की कोशिश की। बीएमआई ने कहा, '' आगे चलकर हमारा अनुमान है कि रुपया सीमित दायरे में रहेगा और वर्ष के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति डॉलर पर रहेगा। यह अनुमान नकारात्मक और सकारात्मक कारकों के संतुलन को दर्शाता है।''

### भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़ा

बीएमआई का मानना है कि युद्ध के कारण भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 1.3 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यह मुख्य रूप से ऊर्जा आयात पर भारत की निर्भरता को दर्शाता है, जो 2025-26 में कुल आयात का 22 प्रतिशत था। 2026-27 में इसके और बढ़ने के आसार हैं।

### निवेश प्रवाह कमजोर रहेगा

बीएमआई ने कहा, '' ईरान युद्ध और शुल्क के कारण बढ़ी नीतिगत अनिश्चितता को देखते हुए हमारा मानना है कि शुद्ध खंड निवेश प्रवाह कमजोर रहेंगे। मार्च में देश से 13.4 अरब डॉलर की पूंजी निकासी हुई जो वैश्विक महामारी के बाद सबसे अधिक मासिक बहिर्वाह है। रुपया पिछले 12 महीने में करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

### जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ रही

: इसमें कहा गया कि 2026-27 में वित्तीय खंड निवेश का बाहर जाना (आउटफ्लो) जारी रह सकता है, जिससे रुपये पर दबाव बना रहेगा क्योंकि उभरते बाजारों के प्रति जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

### वर्ष 2022 में भी रुपए में गिरावट देखी गई थी

इससे पहले जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 के दौरान भी ऐसी गिरावट देखी गई थी, जब ब्याज दरों के अंतर अमेरिकी डॉलर के पक्ष में बढ़ गए थे। उस समय आरबीआई ने आक्रामक हस्तक्षेप किया था जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में 13 प्रतिशत की कमी आई थी।

### आरबीआई रुपए को स्थिर रखने की कोशिश करेगा

बीएमआई ने कहा, '' हमारा मानना है कि आने वाली तिमाहियों में आरबीआई आयात के सात महीनों के बराबर अपने भंडार का उपयोग कर बाजार की भावनाओं से प्रेरित पूंजी बहिर्वाह को संतुलित करेगा और रुपये को स्थिर रखने की कोशिश करेगा।''

## उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन



श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में बुधवार, दिनांक 06.05.2026, को उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष, चारों मंडलो के मंडल रेल प्रबन्धक (विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ) एवं अन्य अधिकारीगण सम्मलित हुए। बैठक में संरक्षा ,कार्य निष्पादन, निर्माण कार्य, पूंजीगत आय, रेलवे ट्रैक की फेंसिंग, समपार फाटक को बंद करने, यात्री सुविधाएं तथा आय बढ़ाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। श्री अमिताभ ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस वित्त वर्ष में अब तक उत्तर पश्चिम रेलवे का कार्य निष्पादन उत्कृष्ट रहा है और सामंजस्य और समन्वय के साथ कार्य कर सभी कार्यों को लक्ष्यानुसार करने पर ध्यान देना है।

## यूको बैंक ने की एमएसएमई कार्यक्रम की मेजबानी



**नई दिल्ली।** आज दिनांक 06.05.2026 को यूको बैंक द्वारा एमएसएमई कार्निवल का आयोजन कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया में किया गया। जहाँ उद्यमियों, छोटे व्यवसाय के मालिकों, वित्तीय संस्थानों और उद्योग विशेषज्ञों को एक ही मंच पर लाया गया जिससे एमएसएमई क्षेत्र में विकास और अवसरों को बढ़ावा दिया जा सके। इस कार्यक्रम की मेजबानी यूको बैंक की पार्लियामेंट शाखा द्वारा की गई। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता प्रणालियों और नवाचारी व्यावसायिक प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढाना है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति, तेल कीमतों में गिरावट से सेंसेक्स 941 अंक चढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति के दावे के बाद बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,004.99 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,022.78 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय बाजार को समर्थन दिया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन में सबसे ज्यादा 6.6 प्रतिशत का उछाल आया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और पश्चिम एशिया संकट के बीच एयरलाइन कंपनियों के लिए ऋण सुविधा की घोषणा से कंपनी के शेयर में तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और इटर्नल के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## सोना 2,900 रुपये मजबूत, चांदी 3,500 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 2,900 रुपये बढ़कर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। वहीं, चांदी 3,500 रुपये चढ़कर 2.54 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के साथ तेल की कीमतों में गिरावट आने से कीमती धातुओं की मांग बढ़ी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,900 रुपये यानी लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह मंगलवार को 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। कारोबारियों के अनुसार सर्राफा कीमतों में तेजी का कारण अमेरिका और ईरान में महीनों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए समझौते की एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की खबर है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते व्यापार के सुचारू प्रवाह की संभावनाएं बढ़ी हैं और ऊर्जा बाजारों से जुड़ी मुद्रास्फीति की चिंताएं कम हुई हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली।

## पेज एक का शेष

### आतंकवाद के खिलाफ...

तो लाम के समक्ष सुखोई-30 लड़ाकू विमानों, किलो श्रेणी की पनडुब्बियों की मरम्मत, एमआरओ सहयोग में मदद देने की पेशकश की है। भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में वियतनाम को अपना एक अहम साझेदार बताते हुए उसे इस क्षेत्र में शांति-स्थिरता को बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण देश की संज्ञा दी है। वहीं, बैठक के बाद दिए अपने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि वियतनाम ने आतंकवाद के खिलाफ जारी भारत की लड़ाई में मजबूती से अपना समर्थन प्रदान करने का ऐलान किया है। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले की भी कड़ी निंदा की है। बैठक के अंत में दोनों देशों के बीच 13 एमओयू और समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जबकि 5 जरूरी घोषणाएं की गई हैं। यह जानकारी बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने अपने कुछ बयानों के जरिए दी है। मालूम हो कि वियतनाम के राष्ट्रपति इस साल के मध्य में चुनाव जीतने के बाद अपनी पहली तीन दिवसीय विदेश यात्रा के तहत भारत पहुंचे हैं। बैठक से पहले उनका राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया। उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

**भारत के अनार, अंगूर का स्वाद लेगा वियतनाम** : पीएम मोदी ने कहा, अब भारत के कृषि, मत्स्य पालन और पशु उत्पादों का भी वियतनाम तक निर्यात और सुगम हो जाएगा। जिसके बाद वो दिन दूर नहीं जब वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद लेगा। जबकि हम यहां देश में वियतनाम के डूरियन और पोमेलो का लुफ्त लेंगे।

**लिंक होंगे यूपीआई, फास्ट पेमेंट सिस्टम** : उन्होंने कनेक्टिविटी और क्षमता विकास को दोनों देशों की साझेदारी का अहम स्तंभ बताया। एयर कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है। वित्तीय जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए आज भारत, वियतनाम ने अपने सेंट्रल बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है। भारत का यूपीआई और वियतनाम का फास्ट पेमेंट सिस्टम जल्द ही आपस में एक-दूसरे से जुड़ने जा रहा है। साथ ही हम दोनों देशों के बीच राज्यों से राज्यों तक और शहरों से शहरों तक ऑपरेशन को भी मजबूत करने जा रहे हैं।

**मिलकर पूरी होंगी विकसित होने की आकांक्षाएं** : प्रधानमंत्री के मुताबिक, वियतनाम भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और विजन महासागर का एक अहम स्तंभ है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी हमारा समान रुख रहा है। दोनों अपनी सुदृढ़ होते रक्षा, सुरक्षा सहयोग नियम-कानून के शासन, शांति, स्थिरता और समृद्धि को लेकर अपना योगदान देते रहेंगे। वियतनाम के सहयोग से भारत आसियान के साथ अपने संबंधों को और अधिक व्यापक बनाएगा। अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और आर्थिक चुनौतियों के बीच हम अपनी प्रतिभा, अच्छे शासन और आर्थिक सुधार के बल पर दुनिया की तेजी से उभरती हुई दो अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहे हैं। पीएम मोदी ने बुद्ध की शिक्षाओं की भावना का जिक्र करते हुए कहा कि अगर आप किसी और के लिए दीप जलाते हैं। तो वह आपके अपने मार्ग को भी प्रकाशमान करता है। इसी सोच के साथ हम एक-दूसरे के विजन और लक्ष्यों को सहयोग करते हुए विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे।

**1.5 करोड़ ने किए बौद्ध अवशेषों के दर्शन** : वियतनाम का राष्ट्रपति बनने के एक महीने बाद देश की यात्रा पर आने से यह पता चलता है कि राष्ट्रपति लाम भारत को कितनी अहमियत देते हैं। उन्होंने अपनी यात्रा का आगाज बोधगया से किया है। जो दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाता है। भारत, वियतनाम की साझेदारी में विरासत और विकास दोनों का महत्व है। 2025 में बौद्ध अवशेषों के भारत से वियतनाम पहुंचने पर डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने उनके दर्शन किए। जो समूचे वियतनाम की जनसंख्या के 15% लोग होते हैं। साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए भारत वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और नहान टावर मंदिरों का रेस्टोरेशन कर रहे हैं। अब भारत चम्पा सभ्यता की पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण करेगा। जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए यह अमूल्य धरोहर संरक्षित हो सकेगी।

### आईटिगा से बढ़ेगा...

और ऊर्जा सहयोग में नई पहल से लाभ मिलेगा। दवा प्राधिकरणों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने से भारतीय दवाइयों का वियतनाम में प्रवेश बढ़ेगा।

### 500 मिलियन डॉलर ...

टू संवाद भी करना चाहते हैं, वाइट शिपिंग सूचना साझा करने पर भी काम कर रहे हैं। साइबर सुरक्षा, बढ़ते हुए एआई कदमों पर विचार जारी है। नौसेना और तटरक्षकबल के बीच सीमापार अपराध को लेकर समझौता हुआ है। एसआईडीएम की एक टीम मार्च में वियतनाम गई थी। उनके द्वारा रक्षा सहयोग में संभावनाओं की तलाश की गई, वियतनाम की जरूरतों का पता लगाया गया और ये देखा गया कि हम कैसे उन्हें पूरा कर सकते हैं?

### बंगाल, तमिलनाडु में...

बता दें कि पूर्व में इन दोनों गैर भाजपा शासित सरकारों (बंगाल में टीएमसी, तमिलनाडु में डीएमके) वाले राज्यों ने पीएम श्री योजना से लेकर केंद्र की शिक्षा संबंधी किसी अन्य योजना को अपने यहां लागू नहीं किया था। उन्होंने इसे लेकर साफ इंकार कर दिया था कि वो केंद्र की किसी भी योजना को अपने प्रदेशों में लागू नहीं करेंगे।

**केरल को करेंगे शामिल** : सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय पीएम श्री के अलावा पश्चिम बंगाल में यह कोशिश भी करेगा अब वहां पर केंद्र की एक अन्य योजना उल्लास (अंडरस्टैंडिंग लाइफ लांग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) को भी लागू किया जाए। जिसमें आजीवन लर्निंग के साथ अडल्ट लिटरेसी के माध्यम से शिक्षा के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। केरल में केंद्र को लगता है कि अब बदले हुए हालात में पीएम श्री समझौते का पुनरुत्थान हो सकता है। पूर्व में राज्य ने 23 अक्टूबर 2025 को केंद्र के साथ इस संबंध में एक एमओयू किया था। लेकिन बाद में प्रदेश सरकार ने उसपर रोक लगा दी थी। यहां बता दें कि केंद्र ने पीएम श्री योजना को एनईपी 2020 के तहत देशभर में मौजूद 14 हजार 500 स्कूलों का विकास करने के लिए जारी किया था।

### धर्मेंद्र प्रधान ने जारी...

के जिम्मे होंगे। नए दिशानिर्देशों के साथ ही अब देश के तमाम सरकारी और निजी स्कूलों में विद्यालय प्रबंधन विकास समिति की जगह पर एसएमसी लागू होगी। नियमित बैठकें करना, समन्वय के साथ संसाधनों के उपयोग, पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया पर इसका जोर रहेगा। दिशानिर्देशों के मुताबिक सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह निर्देश दिया गया है कि कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में अब एसएमसी का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए।

### अनाज भंडारण के लिए...

के साथ प्रदेश में अनाज भंडारण तथा पलवल व नूंह क्षेत्रों में जलापूर्ति के प्रबंधों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारीगण उपस्थित थे। साइलो के लिए रेल व सड़क के बीच 100 एकड़ तक भूमि चिह्नित करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसानों द्वारा अनाज उत्पादन के लिए दिन-रात मेहनत की जाती है। इस अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस भी होने आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाहबाद व अंबाला के बीच किसी ऐसे स्थान पर साइलो (विशाल वेयरहाउस) के निर्माण की योजना बनाई जाए जो रेलवे लाईन व सड़क मार्ग के बीच हो। ऐसा करने से कम खर्च में पूरे देश के साथ साइलो की कनेक्टिविटी संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि साइलो के लिए रेलवे लाईन व सड़क के बीचों-बीच आवश्यकता अनुसार 100 एकड़ तक जमीन अधिगृहीत कर ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को जमीन अधिगृहण व साइलो निर्माण की योजना तैयार करने का कार्य एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए।

**हिसार में फल-सब्जियों के सुरक्षित भंडारण की कार्ययोजना पर जोर** : मुख्यमंत्री ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के मद्देनजर वहां सब्जियों व फलों की काफी अधिक मांग है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन को हिसार एयरपोर्ट के समीप भी एक साइलो अथवा बड़े वेयरहाउस की स्थापना की कार्ययोजना तैयार करने को कहा जहां सब्जियों व फलों का सुरक्षित भंडारण किया जा सके और इन्हें हिसार एयरपोर्ट के माध्यम से मिडिल ईस्ट में सप्लाई किया जा सके। ऐसा करके प्रदेश के सब्जी व फल उत्पादक किसानों को उनके उत्पादों के अधिक दाम मिल सकेंगे।

**नहरी पानी की जलापूर्ति की योजना बनाएं अधिकारी** : जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पलवल व नूंह क्षेत्र के 108 गांवों तथा पुन्हाना नगर में ट्यूबवेल आधारित पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसलिए भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने के लिए जमीन को रिचार्ज करने हेतु विभाग द्वारा 7 रैनी वेल व बूस्टिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इस कार्य पर 765 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ-साथ जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल से जलापूर्ति की जाती है उन क्षेत्रों में नहरी पानी से जलापूर्ति की योजना बनाई जाए, क्योंकि आने वाले समय में नूंह व पलवल एरिया में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे और वहां जनता को अधिक मात्रा में पानी की आवश्यकता होगी।

### शुभेंदु अधिकारी...

शुरू कर दी गई है। पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के बाद भड़की हिंसा में और दो लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट से जुड़े मामलों में करीब 200 केस दर्ज किए हैं, जबकि 433 लोगों को गिरफ्तार किया है। 1,100 से अधिक लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने हिंसा भड़काने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**हिंसा करने वालों की हो तुरंत गिरफ्तारी** : सीईसी ज्ञानेश कुमार ने हिंसा एवं तोड़फोड़ करने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने के आदेश दिए हैं। सीईसी ने राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, कोलकाता पुलिस आयुक्त और केंद्रीय सुरक्षा बलों के डीजी, सभी जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों को निरंतर गश्त पर रहने के आदेश दिए।

### भारत के सामने पहलगाम...

जैसे मामलों पर भी अपनी बात रखी है। पेश हैं बातचीत के अंश-

**सिंदूर से मिला यह सबक** : पूर्व नौसेनाप्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर या उससे पहले यूक्रेन और अब ईरान युद्ध ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया को ये बता दिया है कि लड़ाई की शुरुआत में सैन्य टुकड़ियों को सीधे युद्ध क्षेत्र में उतारने के बजाय गैर मानव चालित प्लेटफॉर्म जैसे ड्रोन, मिसाइल, निगरानी यूएवी, सैटेलाइट, साइबर तकनीक को सबसे आगे रखना पड़ेगा। एक बार यह दुश्मन की पूरी क्षमता को ध्वस्त कर दें। तो फिर उसके बाद मानव क्षमता के साथ आसानी से आगे बढ़ा जा सकता है।

### यूं मिलता चीन...

के दौरान ड्रोन दिए थे। अब भारत के लिए चौंकाने वाली बात ये है कि ईरान भी कहीं न कहीं पाकिस्तान से हाथ मिलाता हुआ नजर आ रहा है। भविष्य में संभव है कि पाक ईरान से बड़ी मात्रा में पाकिस्तान तेल की खरीद करे। पीएम ने कहा है कि हमारी नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। हम आतंकियों और उनके आकाओं को भी मारेंगे। लेकिन बड़ा सवाल देश के अंदर मौजूद आतंक के आकाओं के सफाए का है?

## शब्द पहेली - 6218



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6217 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



लोकेश राहुल
445 रन
दिल्ली

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप

### क्वीन सिरिकिट कप में हिस्सा लेंगे 3 भारतीय खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** युवा गोल्फर गुंतास कौर संधू की अगुवाई में भारत की तीन सदस्यीय टीम क्वीन सिरिकिट कप के लिए 12 से 15 मई तक इंडोनेशिया में होने वाली प्रतिष्ठित एशिया-प्रशांत एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में भाग लेगी। इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने इस टूर्नामेंट के लिए तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया सहित कुल 15 देश भाग लेंगे। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, म्यांमा, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। संधू भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। टीम की अन्य दो सदस्य हरियाणा की सीरत कांग और दिल्ली की कीया बडुगु हैं।
संधू 2025 की लेडीज ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन हैं।

### अब हर मुकाबला नॉक आउट जैसा : बदानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में मिली 8 विकेट की करारी शिकस्त के बाद कहा कि टीम को मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए सामूहिक रूप से



बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अब हर मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा हो गया है। बदानी ने कहा, 'अब मामला नॉकआउट जैसा है, चार (मैचों) में चार जीतना होगा। ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ी स्थिति से वाकिफ हैं और अब प्रदर्शन कर लक्ष्य हासिल करना ही एकमात्र विकल्प है। सामूहिक तौर बेहतर प्रदर्शन करना होगा।' उन्होंने कहा, 'हम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कभी गेंदबाज़ी अच्छी होती है, बल्लेबाज़ी नहीं, कभी इसका उल्टा। इस स्तर पर 60-70 प्रतिशत खिलाड़ियों का योगदान जरूरी है, जो अभी नहीं हो पा रहा।

### पावर प्ले में मजबूत मानसिकता और अनुशासन जरूरीः हुसैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपरकिंग्स की आठ विकेट की जीत में अहम योगदान निभाने वाले खब्बू स्पिनर अकील



हुसैन ने कहा कि टी20 प्रारुप में पावर प्ले में सफलता के लिए सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि मजबूत मानसिकता और अनुशासन भी बेहद जरूरी हैं। अकील ने चेन्नई सुपरकिंग्स के इस अहम मुकाबले में 4 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 1 विकेट लिया। उन्होंने चार में से तीन ओवर पावर प्ले में डाले। इस दौरान 11 डॉट गेंदें डालते हुए 15 रन देकर लोकेश राहुल का अहम विकेट भी चटकाया।अकील ने कहा, पावर प्ले में गेंदबाजी के लिए आपको मानसिक रूप से मजबूत भी होना पड़ता है। इसके लिए कौशल की जरूरत होती है, खासकर उन पिचों पर जहां स्पिन को मदद नहीं मिलती। इस दौरान सिर्फ दो क्षेत्ररक्षक (30 गज के दायरे से) बाहर होते हैं, ऐसे में आप ज्यादा लालच नहीं कर सकते या हर गेंद पर विकेट ढूंढने नहीं जा सकते। विकेट के पीछे भागने से ज्यादा जरूरी है योजना पर टिके रहना।

# लचर क्षेत्ररक्षण पड़ा पंजाब पर भारी, सनराइजर्स ने 33 रन से हराया

**हैदराबाद (भाषा)।** पंजाब किंग्स को कैच टपकाने का खामियाजा भुगतना पड़ा और बुधवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 33 रन से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। हेनरिच क्लासेन और ईशान किशन के अर्धशतकों के दम पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 235 रन बनाये। सपाट विकेट पर सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिये जबकि एशान मलिंगा ने चार ओवर में 34 रन देकर एक विकेट चटकाया। दोनों ने 21 डॉट गेंदें फेंकी और पंजाब किंग्स बीस ओवर में सात विकेट पर 202 रन ही बना सके। कूपर कोनोली ने 59 गेंद में नाबाद 107 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पंजाब किंग्स की हैदराबाद में यह लगातार नौवीं हार थी।

### दो पावरप्ले में ही तय हो गया था मैच का नतीजा

पंजाब की शुरूआत बेहद खराब रही और चार रन के स्कोर पर उसके दो बल्लेबाज पवेलियन में थे। प्रियांश आर्य को कमिंस ने रवाना किया जबकि प्रभसिमरन सिंह ने नीतिश रेड्डी की गेंद पर कमिंस को कैच थमाया। कप्तान श्रेयस अय्यर भी पांच रन बनाकर आउट हो गए। मैच का नतीजा दो पावरप्ले में ही तय हो गया। सनराइजर्स के लिये अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाये थे जबकि पंजाब तीन विकेट पर 57 रन ही बना सका। लगातार तीसरी हार के लिये पंजाब का लचर क्षेत्ररक्षण कसूरवार रहा। ईशान और क्लासेन के कैच तीन बार छूटे जबकि प्रभसिमरन ने स्टम्पिंग का मौका भी गंवाया।



### सातवीं जीत के साथ सनराइजर्स के 14 अंक

सनराइजर्स के इस सातवीं जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं और वह दस टीमों में शीर्ष पर है। बाकी तीन मैचों में से एक जीत के साथ ही उसके 16 अंक हो जायेंगे जो प्लेआफ के लिये क्वालीफाई करने के लिये काफी है।

### सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने जड़े 17 छक्के

सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने 17 छक्के जड़े। अभिषेक ने इनमें से चार, हेड ने तीन, ईशान और क्लासेन ने चार चार छक्के लगाये। पंजाब के लिये अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन देकर एक विकेट लिया जबकि यानसेन ने 61 रन दे डाले और कोई सफलता नहीं मिली। ईशान ने विजयकुमार विशाख को लगातार तीन छक्के लगाकर अपने चिर परिचित फॉर्म की झलक दिखाई। अभिषेक ने यानसेन को लांग आफ और लांग आन पर छक्के लगाये। उन्होंने लॉकी फर्ग्युसन को पूल शॉट खेलकर टीम के 50 रन पूरे किये। अभिषेक पांचवां छक्का जड़ने के प्रयास में मिड आफ पर श्रेयस अय्यर को कैच दे बैठे। उनके जाने के बाद हेड ने मिडविकेट पर दो सपाट छक्के लगाये।

## एलएसजी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी आरसीबी

**लखनऊ (एजेंसी)।** पिछले मैच में बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर जगह मनाने का मौका गंवाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बल्लेबाजी में अपनी लय फिर से हासिल करके प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने की कोशिश करेगी। आरसीबी फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, लेकिन उसके चार अन्य टीमों के समान 12 अंक हैं। उसकी टीम को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से चार विकेट से मिली हार को भूलकर जल्द से जल्द वापसी करनी होगी। आरसीबी के बल्लेबाज दमदार वापसी करने में सक्षम हैं। उसके बल्लेबाजों ने अब तक आक्रामक खेल दिखाया है और लखनऊ के खिलाफ भी वह इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 379 रन बनाए हैं, वहीं देवदत्त पडिक्कल और कप्तान रजत पाटीदार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नियमित सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के उंगली में चोट के कारण बाहर होने से कोहली के साथ विस्फोटक शुरुआत देने की जिम्मेदारी जैकब बेथेल पर होगी।

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में 31 मई को खिताबी मुकाबला

# आईपीएल फाइनल बेंगलुरु से अहमदाबाद शिफ्ट, धर्मशाला और चंडीगढ़ में प्लेऑफ मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर 1 धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी।



### कर्नाटक क्रिकेट संघ की मांग प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था। लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण, जो बीसीसीआई के स्थापित दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बोर्ड ने हालांकि कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि 'संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे।'

### धर्मशाला में पहली बार प्लेऑफ का मैच



बीसीसीआई ने कहा, 'क्वालीफायर-1 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी। इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।।' इसमें कहा गया है, 'इसके बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर 2 भी खेला जाएगा।' धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी।

### अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण अहमदाबाद को प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।' बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। वहीं चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

### फ्री टिकट पर सहमत नहीं बीसीसीआई

यह भी पता चला है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है, जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है।

### प्लेऑफ शेड्यूल

**क्वालीफायर 1** : 26 मई
एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला
**एलिमिनेटर**: 27 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़
**क्वालीफायर 2**: 29 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़

**फाइनल**

31 मई – नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

## अभिषेक और ईशान का दबदबा बरकरार

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने टी20 की ताजा रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शीर्ष पर बने हुए हैं। बांग्लादेश के खिलाड़ियों को ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 9 मार्च के बाद से कोई इंटरनेशनल टी20 नहीं खेलने के बावजूद पहले स्थान पर बने हुए हैं। ईशान किशन दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान



तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट चौथे, श्रीलंका के पाथुम नि सां का पांचवें, भारत के तिलक वर्मा छठे, भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें, दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौवें और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट दसवें स्थान पर हैं।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण जानकारी
ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि–2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :–

03009/03010 डानकुनि–आनन्द विहार (ट)–डानकुनि ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन | 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03009 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03010 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | डानकुनि | 23:30 | -- |
| 13:30 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 15:00 |

चलने के दिनः 03009 डानकुनि से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.05.2026 से 27.06.2026 (23.05.2026 को छोड़कर) और 03010 आनन्द विहार (ट.) से प्रत्येक रविवार को दिनांक 10.05.2026 से 28.06.2026 (24.05.2026 को छोड़कर) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोविंदपुरी, इटावा एवं टूंडला स्टेशन।

06597/06598 यशवंतपुर–योग नगरी ऋषिकेश–यशवंतपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन | 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06597 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06598 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:00 | यशवंतपुर | 19:45 | -- |
| 10:15 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

चलने के दिनः 06597 यशवंतपुर से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 07.05.2026 से 09.07.2026 तक और 06598 योग नगरी ऋषिकेश से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.05.2026 से 11.07.2026 तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : यलहंका, हिंदुपुर, धर्मवरम, अनंतपूर, डोन, कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काजीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मेरठ नगर, मुजफ्फरनगर, टपरी, रूड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

04525/04526 सहारनपुर जं. - अम्बाला कैंट. - सहारनपुर अनारक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन | 142 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04525 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 04:40 | सहारनपुर | 22:30 | -- |
| 06:45 | -- | अम्बाला कैंट | -- | 20:20 |

चलने के दिनः 04525 सहारनपुर से और 04526 अम्बाला कैंट से प्रतिदिन दिनांक 15.07.2026 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराजपुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेड़ी स्टेशन।

07443/07444 तिरूपति-छपरा-तिरूपति ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन | 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07443 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07444 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | तिरूपति | 12:30 | -- |
| 21:40 | 21:50 | लखनऊ | 15:50 | 16:00 |
| 07:45 | -- | छपरा | -- | 05:00 |

चलने के दिनः 07443 तिरूपति से दिनांक 07.05.2026 (गुरूवार) को और 07444 छपरा से दिनांक 12.05.2026 (मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : रेणिगुंटा, राजमपेटा, कड़पा, ताड़िपत्रि, डोन, कर्नूलु सिटी, गढवाल, वनपर्ति रोड, महबूबनगर, शादनगर, काचीगुडा, मलकाजगिरी, कामारेड्डी, निजामबाद, हुजूर साहेब नांदेड, पूर्णा, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सीवान स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


चैंपियंस लीग फुटबाल

## आर्सेनल का 20 साल का सूखा खत्म पहुंचा चैंपियंस लीग के फाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

*बुकायो साका के पहले हाफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था। बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई।*

### 2006 में फाइनल में पहुंचा था आर्सेनल

यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है। इसके अलावा वह प्रीमियर लीग में खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे है।

## युवा भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई आयुवर्ग चैम्पियनशिप में 27 पदक पक्के किये

भाषा ▶▶| ताशकंद

भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर 15 और अंडर 17 चैम्पियनशिप में 27 पदक पक्के कर लिये। अंडर 15 लड़कियों के दल ने 15 में से 14 पदक हासिल किये जबकि अंडर 15 लड़कों ने 15 में से 13 पदक पक्के किये। लड़कों के वर्ग में एस वसंत अशोक कुमार (37 किलो) और प्रशांत (49 किलो) ने संयुक्त अरब अमीरात के मोहम्मद अल्बानाइ और मायेद अल्यामाही को पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोका जाना) के आधार पर हराया। नितिन (40 किलो) और हर्षवर्धन जीना (55 किलो) ने दूसरे दौर में क्रमशः कजाखस्तान के सायत मेंगदिबे और ताजिकिस्तान के मुहम्मद फोजिलोव को आरएससी पर हराया। यश कुमार (33 किलो ) और रोहित पोठिना (35 किलो ) ने क्रमशः ताजिकिस्तान के रसूलजोन करीमोव और मंगोलिया के तेमूलेन मुंखबायार को 4.1 से हराया। समीर बोहरा (43 किलो ) ने थाईलैंड के चूटिनान याराम को और नोंगपोकगांबा मेतेइ ओइना (46 किलो) ने मंगोलिया के मुंख ओचिर गोंजोरिग को 5.0 से हराया। मोहम्मद यासिर (58 किलो) ने कजाखस्तान के मेइरलान बेइसेखान को 5.0 से मात दी।

## शंघाई विश्व कप : पोडियम पर जगह बनाने में असफल भारतीय कंपाउंड टीम

एजेंसी ▶▶| शंघाई

पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं। सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा, जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हजल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा। भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली।

कार्लटन क्लब पर 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का अर्थदंड

## मैदान में हॉलैंड्स की मानसिक स्थिति अस्थिर

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई रूल्स फुटबॉल क्लब कार्लटन पर एक खिलाड़ी के मैदान पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने में लापरवाही बरतने के लिए 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (54,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है। एलिजा हॉलैंड्स 16 अप्रैल को कार्लटन और कोलिंगवुड के बीच ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) के मैच में खेले थे जबकि वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थे। मैच के फुटेज से भी यह स्पष्ट हो गया था, जिस कारण प्रशंसकों और अन्य लोगों ने उनकी स्थिति



को लेकर चिंता व्यक्त की थी। फुटेज में हॉलैंड्स भ्रमित और अनियमित रूप से चलते हुए दिखाई दिए। यही नहीं वह वार्म-अप के दौरान भी असामान्य हरकतें कर रहे थे। वह गेंद पर सही तरह से किक भी नहीं मार पा रहे थे। उनका एक शॉट केवल कुछ मीटर तक ही गया। इस मैच के 5 दिन बाद 24 वर्षीय हॉलैंड्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हॉलैंड्स के पिता ने किया मदद करने का आग्रह

एलिजा हॉलैंड्स के पिता और पूर्व एएफएल खिलाड़ी बेन हॉलैंड्स ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि अगर उनके दोस्त मुश्किल में हैं तो उनका हालचाल पूछें।




## ऑपरेशन सिंदूर की आज है पहली वर्षगांठ

# 72 घंटे में ही पाकिस्तान को समझ में आ गया भारत के सामने वो कितने पानी में, नतीजा ये हुआ कि बिल्कुल हो गया था हेल्पलेस!




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल आज के दिन भारत और पाकिस्तान के बीच एक अघोषित जंग जारी थी। कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी अटैक के बाद भारतीय सेना पाकिस्तान में छुपे आतंकियों को चुन-चुन कर मार रही थी। इसी के तहत 6-7 मई की रात को पाकिस्तान में एक बेहद खतरनाक मिशन को अंजाम दिया गया। इसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया जिसके तहत करीब 10 से ज्यादा ठिकानों पर सटीक हमलों में सैकड़ों आतंकियों को मौत की नींद सुला दी गई। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ से ठीक पहले, दुनिया के जाने-माने अमेरिकी सैन्य विशेषज्ञ जॉन स्पेंसर ने इस संघर्ष का एक गहन विश्लेषण साझा किया है। स्पेंसर के मुताबिक, हालांकि शुरुआती कुछ घंटों में पाकिस्तान को कुछ टैक्निकल बढ़त जरूर मिली थी, लेकिन रणनीतिक रूप से भारत इस संघर्ष में विजेता बनकर उभरा। स्पेंसर का दावा है कि युद्ध शुरू होने के चौथे दिन तक भारत ने आसमान में पूर्ण वर्चस्व हासिल कर लिया था, जिससे पाकिस्तान अपने ऑपरेशंस जारी रखने में पूरी तरह असमर्थ हो गया था। जॉन स्पेंसर अमेरिकी सेना के पूर्व मेजर रह चुके हैं और वर्तमान में मैडिसन पॉलिसी फोरम में युद्ध अध्ययन के चेयर हैं।

### पाकिस्तान के जवाब नहीं देने की वजह चौंकाने वाली

स्पेंसर के अनुसार, आधुनिक युद्ध केवल विमान बनाम विमान की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह लेटेस्ट तकनीकों का युद्ध है।

करीब एक दर्जन ठिकानों पर भयंकर हमलों में सैकड़ों आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया

पाकिस्तान पर सबसे बड़ा अटैक 6-7 मई 2025 की रात को हुआ, भारत ने दिखाई ताकत

## सीमा पर शौर्य के गर्व के साथ पटरी पर लौटी जिंदगी



नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना के पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर को आज एक वर्ष पूरा हो गया है। पिछले साल 6 और 7 मई की दरमियानी रात को शुरू हुआ यह सैन्य अभियान न केवल आतंकी साजिशों का करारा जवाब था, बल्कि राष्ट्र की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण भी बना। एक साल बाद, एलओसी से सटे उड़ी, पुंछ और अरनिया सेक्टरों में शांति की नई सुबह दिखाई दे रही है। उड़ी सेक्टर के चुरुंडा, सिलिकोट और सलामाबाद जैसे सीमावर्ती गांवों में जिंदगी फिर से पटरी पर लौट आई है। गोलाबारी के कारण जो खेत कभी वीरान हो गए थे, वहां अब हरियाली है और बच्चे बिना किसी खौफ के स्कूल जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से होने वाली उकसावे वाली कार्रवाईयों में कमी आई है, जिससे लोगों का सेना और सुरक्षा तंत्र पर भरोसा बढ़ा है। हालाँकि, युद्ध के निशान अब भी मौजूद हैं। गोलाबारी में अपनों को खोने वाले परिवारों के दिलों में गम ताजा है।

## कच्छ में मिली लावारिस पाकिस्तानी नाव, मचा हड़कंप, बीएसएफ अलर्ट

गुजरात के कच्छ जिले के क्रीक इलाके में एक लावारिस पाकिस्तानी नाव मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सीमा सुरक्षा बल यानी कि बीएसएफ की नियमित पेट्रोलिंग के दौरान इस नाव को बरामद किया गया, जिसके बाद पूरे इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रारंभिक जांच में बीएसएफ को नाव में मछली पकड़ने का सामान मिला है और फिलहाल उसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई है। हालांकि, हाल ही में इलाके में ड्रग्स के पैकेट मिलने की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां इस मामले को गंभीरता से ले रही हैं। नाव मिलने के बाद कच्छ के समुद्री और क्रीक क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों के जवान चौबीसों घंटे गश्त कर रहे हैं और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह की घुसपैठ या अवैध गतिविधि को रोका जा सके। बता दें कि इससे पहले भी इसी साल जनवरी 2026 में तटरक्षक बल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान की एक नाव को जब्त किया था। 14 जनवरी की रात अरब सागर में गश्त के दौरान इंटरनेशनल मैरीटाइम बाउंड्री लाइन के पास भारतीय जलक्षेत्र में एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव देखी गई थी।

### जनवरी में 9 पाकिस्तानी पकड़े थे

चुनौती दिए जाने पर वह नाव पाकिस्तान की ओर भागने लगी, लेकिन कोस्ट गार्ड के जहाज ने उसका पीछा कर उसे भारतीय सीमा में ही रोक लिया। इस नाव पर सवार 9 पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को हिरासत में लेकर पोरबंदर लाया गया था। सूत्रों के मुताबिक, उस समय पाकिस्तानी क्रू के सदस्य घबराकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन कोस्ट गार्ड की सतर्कता के चलते उनकी कोशिश नाकाम हो गई। फिलहाल एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि यह नाव क्रीक तक कैसे पहुंची।



### शुरुआती झटकों के बाद भारत ने पलटी बाजी

स्विस थिंक टैंक सेंटर डी हिस्टोयर एट डी प्रॉस्पेक्टिव मिलिटेयर्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्पेंसर ने माना कि शुरुआत में भारत ने अपने तीन विमान खोए थे। पाकिस्तान ने इस शुरुआती सफलता को अपनी जीत के रूप में पेश किया, लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख सका।

क्रीक इलाके में लावारिस पाकिस्तानी नाव

डीआईजी संदीप गोयल और उनका परिवार टारगेटः केएलए

## जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर आईईडी ब्लास्ट डीजीपी बोले-पाक का हाथ सीएम मान ने कहा-भाजपा का

जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर मंगलवार रात धमाका हुआ। इसमें इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। गनीमत रही कि धमाके में किसी को चोट नहीं लगी। इस ब्लास्ट का वीडियो भी सामने आया है। वहीं, अमृतसर में आर्मी कैंप के भीतर भी ग्रेनेड अटैक की कोशिश की गई, लेकिन वह दीवार पर टकराकर फट गया। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने अमृतसर पहुंचकर मौके का जायजा लिया। उन्होंने माना कि जालंधर व अमृतसर में आईईडी ब्लास्ट हुए। कहा कि जालंधर में संभव है कि टाइमर या रिमोट से ब्लास्ट किया गया हो। इसमें पाकिस्तान खुफिया एजेंसियों का हाथ है। ऑपरेशन सिंदूर की एनिवर्सरी की वजह से धमाके कराए गए हो सकते हैं।

वहीं, श्री आनंदपुर साहिब से शुक्राना यात्रा के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि ये ब्लास्ट भाजपा के इलेक्शन की तैयारी हैं। भाजपा छोटे-मोटे ब्लास्ट करवाकर लोगों को डराकर वोट लेना



चाहती है। यह भाजपा का स्टाइल है। चुनाव वाले स्टेट में ब्लास्ट और दंगे करवा दो। इसी बीच जालंधर आप लीडरशिप ने पुष्टि की है कि सीएम ने अपना जालंधर दौरा टाल दिया है। वह यहां शुक्राना कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। धमाके के बाद चंडीगढ़ में हाई अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, जालंधर धमाके की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन आर्मी (केएलए) ने एक पोस्ट शेयर कर ली। इसमें लिखा है कि डीआईजी संदीप गोयल और उनका परिवार टारगेट पर है।

### सीएम मान राजनीति कर रहेः मुख्यमंत्री सैनी



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा- जालंधर और अमृतसर में हुए बम धमाके सिर्फ पंजाब ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं, लेकिन इससे भी ज़्यादा चिंताजनक भगवंत मान का बयान है। जहां एक तरफ पंजाब के डीजीपी इन घटनाओं के पीछे पाकिस्तान की आईएसआई का हाथ होने की ओर इशारा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आप के मुख्यमंत्री, राजनीति से प्रेरित होकर, गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।

### धमाके नई बात नहींः फारुक अब्दुल्ला



नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने पंजाब में हुए दोहरे धमाकों को लेकर विवादित बयान दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हिंदुस्तान में धमाके होते रहते हैं। यह कोई नई बात नहीं है, घबराने की जरूरत नहीं है। फारूक अब्दुल्ला ने पंजाब में हुई इन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में सुरक्षा चुनौतियां समय-समय पर सामने आती रहती हैं।

पहलगाम आतंकी हमले का जवाब था 'ऑपरेशन सिंदूर', 22 बहनों का आतंकियों ने उजाड़ दिया था सिंदूर

जयपुर में 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ मनाएगी सेना

# अपनी मातृशक्ति के धैर्य और सेनाओं के 'पराक्रम' को पूरा देश करेगा याद

एजेंसी ▶▶ जयपुर

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ सेना जयपुर में मनाएगी। जयपुर स्थित साउथ वेस्टर्न कमांड में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख जयपुर आएंगे। कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी मौजूद रह सकते हैं। इस दौरान ऑपरेशन से जुड़ी फिल्म भी रिलीज की जाएगी।

भारतीय सेना ने 7 मई 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। तब पाकिस्तान से लगती लंबी सीमा, सैन्य ठिकानों की मौजूदगी और सीमावर्ती जिलों की संवेदनशीलता के कारण ऑपरेशन सिंदूर का प्रमुख केंद्र राजस्थान रहा था। ऐसे में सेना ने फिर ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए राजस्थान को चुना है। सेना ने इस साल जयपुर को आर्मी डे परेड के लिए भी चुना था। जगतपुरा में महल रोड पर 15 जनवरी को आर्मी डे परेड का आयोजन किया गया था। पहली बार यह परेड आर्मी एरिया से बाहर आमजन के बीच हुई थी। परेड में भारतीय सेनाओं की शौर्य और वीरता को पूरी दुनिया ने देखा था। जयपुर की सड़कों पर कदमताल करने सेना के जवान, टैंक, हेलीकॉप्टर और सेना की अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया था। गौर हो कि ऑपरेशन सिंदूर 6-7 मई 2025 की रात भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर की गई एक सटीक और सुनियोजित हवाई कार्रवाई थी। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सेना ने लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिद्दीन के कई प्रमुख ठिकानों को नष्ट कर दिया।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सेना प्रमुखों की मौजूदगी में होगा भव्य आयोजन, ऑपरेशन से जुड़ी फिल्म करेंगे रिलीज**



पाक के भोलारी एयरबेस में तबाही हुई थी



रहीमयार एयरबेस पर बमबारी की थी

### 'ऑपरेशन' से जुड़ी फिल्म करेंगे रिलीज



जयपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार दोपहर 12 बजे तीनों सेनाओं के प्रमुख के साथ खातीपुरा स्थित सप्त शक्ति कमांड में मीडिया को संबोधित करेंगे। वहीं शाम 5 बजे ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी फिल्म को रिलीज किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो इस फिल्म के कई शॉट्स रियल हैं, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के समय शूट किया गया था।



आतंकियों की कब्र बन गई थी

### एक साल बाद फिर तीनों सेनाओं की होगी ज्वॉइंट कॉन्फ्रेंस

ठीक एक साल पहले तीनों डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस, डायरेक्टर जनरल नेवल ऑपरेशंस, डायरेक्टर जनरल एयर ऑपरेशंस ने एक साथ ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पूरे देश को बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपनी ऑपरेशनल कैपेबिलिटी से पाकिस्तान के एयरबेसेज, एयरस्ट्रिप, एयर डिफेंस के साथ ही उनकी इन्फेंट्री को पूरी तरह से खदेड़ा है, यहां तक कि पाकिस्तान को उठने भी नहीं दिया। इसके बाद अब एक फिर से भारतीय सेना की एक बड़ी कॉन्फ्रेंस होने जा रही है। ज्वॉइंट कमांडर कॉन्फ्रेंस में भविष्य की सैन्य तैयारियों पर विशेष फोकस रहेगा। इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट, फाइटर एयरक्राफ्ट, वॉरशिप, ड्रोन, आधुनिक मिसाइल और रॉकेट सिस्टम को शामिल कर सेना को और सशक्त बनाने की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

## भारत एवं जापान ने स्वास्थ्य और क्वांटम तकनीक पर किए समझौते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान ने स्वास्थ्य अनुसंधान और क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। ये समझौते केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और जापान की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति मंत्री किमी ओनोडा के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के दौरान हुए। स्वास्थ्य और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में सहयोग के लिए जापान एजेंसी फॉर मेडिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टैक्नोलॉजी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इसके अलावा, क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग के लिए जापान के कैबिनेट कार्यालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बीच आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109